डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
16 अप्रैल 2025
बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
38 अधिकतम
23 न्यूनतम


Page-7

## सीएम ने लाडली बहना योजना की 23वीं किस्त भेजी

**भोपाल।** मप्र सरकार की 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 23वीं किस्त का इंतजार आज खत्म हो गया है। करीब 1.2 करोड़ महिलाओं के खाते में मुख्यमंत्री मोहन यादव पैसा ट्रांसफर कर रहे है। इसके लिये मण्डला के टिकरवारा गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यादव भोपाल से जबलपुर होते हुए यहाह पहुंच रहे हैं। डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के जरिए 1250 रूपये की यह किस्त लाभार्थी महिलाओं के खाते में जायेगी। आज सुबह यादव ने खुद अपने सोशल मिडिया अकाउंट पर पोस्ट कर यह जानकारी दी है।

## कार्यक्रम कल, शाह आज नीमच पहुंचेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह कल नीमच में होने वाले सीआरपीएफ के कार्यक्र के लिए आज शाम ही पहुंच रहे हैं। वह रात्रि विश्राम नीमच में करेंगे। जबकि केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव 18 अप्रैल के को भोपाल आएंगे। वह जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। यह नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में होगी। जिसमें सीएम यादव भी मौजूद रहेंगे। कार्यशाला में विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में वनों की भूमिका को लेकर भी मंथन होगा। जनजातीय जीवन और प्रकृति पर आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्मों का होगा प्रदर्शन होगा।

## आंकडों का दावा, देश में रिटेल महंगाई घटी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आंकड़ों पर यकीन करें तो देश में रिटेल महंगाई घटकर 5 साल 7 महीने के निचले स्तर पर आ गई है। मार्च में ये 3.34 फीसदी रही। इससे पहले अगस्त 2019 में महंगाई 3.28 फीसदी पर थी। मार्च से एक महीने पहले यानी, फरवरी में महंगाई 3.61 फीसदी पर थी। सांख्यिकी मंत्रालय ने महंगाई के आंकड़े जारी किए। महंगाई के बास्केट में 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। कहा गया कि महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 3.75 फीसदी से घटकर 2.67 फीसदी हो गई है। वहीं ग्रामीण महंगाई 3.79 फीसदी से घटकर 3.25 फीसदी और शहरी महंगाई 3.32 फीसदी से बढ़कर 3.43 फीसदी हो गई है।

### चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच के सामने तर्क-बहस-दलीलें

# वक्फ कानून पर तत्काल रोक के लिए 72 याचिकाएं, सुप्रीम राय पर निगाहें

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वक्फ को लेकर हाल में बने नए कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। ऐसी कुल 72 याचिकाएं हैं, जिन पर मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ सुनवाई करने बैठ रही है। कुछ याचिकाएं वक्फ बिल के समर्थन वाली भी हैं। संसद से वक्फ संशोधन बिल पारित होने के बाद हंगामे की स्थिति के है।इसके आलोचकों का तर्क है कि यह कानून मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है और मुसलमानों की संपत्तियों को जब्त करने का प्रयास है। जबकि सरकार का कहना है कि वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए संशोधन आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट में दर्ज याचिकाओं में कुछ हिंदू पक्षों द्वारा भी दायर की गई हैं। इनमें 1995 के मूल वक्फ अधिनियम के खिलाफ दायर की गई दो याचिकाएं भी शामिल हैं। वक्फ कानून के विरोध में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई, जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी, समाजवादी पार्टी, अभिनेता विजय की टीवीके, आरजेडी, जेडीयू, असदुद्दीन ओवैसी की



एआईएमआईएम, आप और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग समेत कई पार्टियों के नेता कोर्ट में हैं। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने अब तक 10 याचिकाओं को सूचीबद्ध किया है। इस मुद्दे पर कई नयी याचिकाएं भी शीर्ष अदालत में दायर की गई हैं जिन्हें सूचीबद्ध किया जाना है।

## कांग्रेस देशभर में हुई हमलावर, भाजपा बोली- उन्हें धरने का हक

**नईदिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा को आज लगातार दूसरे दिन ईडी से पूछताछ का सामना करना पड़ रहा है। उधर सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर मनी लाड्रिंग आरोपों वाली चार्जशीट के बाद आज मप्र समेत देशभर में ईडी-आयकर दफ्तरों पर भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने प्रेसकांफ्रेंस बुलाकर कहा कि कांग्रेस को धरना देने का अधिकार है लेकिन जमीन व फंड लूटने का नहीं। वहीं वाड्रा ने कहा- आज हम झेल रहे हैं मगर समय बदलेगा, हम साफ्ट नहीं हार्ड टारगेट हैं। उधर वाड्रा से हरियाणा के शिकोहपुर लैंडडील में उनसे पूछताछ हो रही है। मगर इससे पहले वाड्रा ने फेसबुक पोस्ट की और लिखा कि मेरे जन्मदिन सप्ताह की सेवा कुछ



दिनों के लिए रोक दी गई है। मैंने बुजुर्गों को भोजन कराने और विभिन्न क्षेत्रों के सभी बच्चों को उपहार देने की जो योजनाएं बनाई, उन्हें मैं तब तक जारी रखूंगा जब तक कि सरकार मुझे अच्छे काम करने और अल्पसंख्यकों के प्रति उनके अन्यायपूर्ण व्यवहार के बारे में बोलने से नहीं रोकती% वाड्रा ने कहा मैं यहां किसी भी तरह के अन्यायपूर्ण दबाव के लिए तैयार हूं। आज जब वाड्रा ईडी दफ्तर पहुंचे तो प्रियंका भी साथ नजर आईं।

## नर्मदा पाइपलाइन फूटी, रेल्वे ट्रेक पर बढ़ा खतरा



**खंडवा, एजेंसी**

इस अंचल में जारी जलसंकट के बीच नर्मदा की पाइपलाइन फिर से फूटने से दिल्ली मुंबई रेलवे ट्रेक के आसपास पानी का जमाव हो रहा है। दरअसल आज तड़के हरसूद क्षेत्र के सक्तापुर फाका के पास रेलवे ट्रैक किनारे पाइपलाइन फूटी। पहले तो पानी की बौछार सड़क की ओर थी, लेकिन बाद में पानी का मूवमेंट रेलवे ट्रैक की ओर होने लगा। इसके चलते सुरक्षा के लिहाज से रेलवे की टीम पर मौके पर पहुंची। काफी देर तक नगर निगम के अधिकारियों ने जलसंकट के बीच सप्लाई को बंद नहीं किया, इससे रेलवे ट्रैक किनारे पानी जमा होने लगा। इसके बाद रेलवे अधिकारियों की शिकायत पर कर्मचारियों ने पानी के बहाव को कम करने के लिए लीकेज वाले स्थान पर पत्थर रखे। घटना से फिलहाल रेलवे यातायात प्रभावित नहीं हुआ है मगर 6 घंटे तक पानी बहता रहा। खबरों के मुताबिक रेलवे अधिकारियों ने सप्लाई बंद करने को कहा तो शहर में जलसंकट का हवाला देते हुए कहा कि सप्लाई बंद नहीं करने की बात की गई।

## श्रीनगर में 80 साल बाद अप्रैल में कड़ाके की गर्मी!

### मप्र में 19 के बाद फिर बदलेगा मौसम

**नईदिल्ली/भोपाल, एजेंसी**

मौसम विभाग ने इस बार मानसून मेहरबान रहने की खुशखबरी के बाद आज 25 राज्यों में आंधी-बारिश का अनुमान लगाया है। बिहार, असम और ओडिशा में तेज बारिश की आशंका है। झारखंड, ओडिशा और मेघालय में ओले भी गिर सकते हैं। इस बीच खास यह कि कश्मीर में गर्मी पड रही है। श्रीनगर का बीते 80 सालों में सबसे ज्यादा गर्म दिन कल रहा। तापमान सामान्य से 10.2 डिग्री ज्यादा 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि श्रीनगर में इन दिनों औसत तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस रहता है। उधर राजस्थान का बाड़मेर भट्टी बना हुआ है। यहां का तापमान तीन दिन से 45 के पार है। जबकि हिमाचल में



ओलावृष्टि-तूफान का ऑरेंज अलर्ट है। हरियाणा में व बिहार के 22 जिलों में बारिश-आंधी का यलो अलर्ट है।

### मप्र में तीन दिन बाद लुढ़केगा पारा

इधर मध्यप्रदेश में अगले 3 दिन तेज गर्मी का असर रहेगा। ग्वालियर, चंबल, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में हीट वेव यानी, लू भी चल सकती है। आज भोपाल समेत सभी जिलों में गर्मी तेज है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और सागर संभाग में पारा 41 डिग्री के पार जा रहा है। मगर मौसम विभाग ने 18 अप्रैल के बाद मौसम पलटने का अनुमान लगाया है। दरअसल अभी तीन सिस्टम एक्टिव है। इनमें दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और तीसरा ट्रफ शामिल हैं। कल से वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) प्रभावित कर सकता है। ऐसा होता है तो प्रदेश में दो दिन बाद पारे में 2 से 3 डिग्री नीचे आयेगा।

## अमेरिका से पड़ी मार तो भारत के प्रति चीन होने लगा उदार!

### चीन ने 85 हजार से ज्यादा वीजा भारतीयों को दिए

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका से ट्रेड वॉर के बीच चीन ने भारत के प्रति सौजन्यता दिखाना शुरू कर दिया है। उसने बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय नागरिकों को बड़ी संख्या में वीजा जारी किए हैं। चीनी दूतावास ने हाल के दिनों में 85 हजार से ज्यादा वीजा भारतीयों को दिए हैं। जानकार मान रहे हैं कि अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच रिश्ते बेहतर करने की कोशिश में चीन ने भारत के लिए यह ब?कदम उठाया है। चीन के राजदूत ने सोशल मीडिया पर लिखा, कि %9 अप्रैल, 2025 तक चीन के दूतावास और भारत में मौजूद वाणिज्य दूतावासों ने इस साल चीन जाने वाले भारतीय नागरिकों को यह वीजा जारी किए हैं। हम ज्यादा से ज्यादा भारतीय दोस्तों का चीन में स्वागत करते हैं ताकि वे खुले, सुरक्षित, वाइब्रेंट और दोस्ताना चीन का अनुभव कर सकें। खास बात यह कि भारतीय यात्रियों के लिए



वीजा नियमों में ढील दी गई है। यात्रा को आसान बनाने के लिए कुछ बदलाव किए हैं। अब भारतीय बिना ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लिए सीधे वीजा सेंटर पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। जो लोग थोड़े समय के लिए चीन जा रहे हैं, उन्हें बायोमेट्रिक डेटा (जैसे फिंगरप्रिंट) देने की जरूरत नहीं रही है। चीनी वीजा अब कम कीमत पर भी मिलेगा और वीजा मिलने में लगने वाला समय भी कम हो गया है।

## वीडियो वायरल: अफसरों ने शराब दुकान पर धावा बोला

**उज्जैन, एजेंसी।** गत दिवस ही कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा उज्जैन में 'शराबबंदी' के बीच यहां के अहमदनगर की शराब दुकान पर खुलेआम शराब पीने का वीडियो वायरल किया तो कल उज्जैन पुलिस प्रशासन ने धावा बोला और खुलेआम शराब पीने वालों और यातायात बाधित करने वाले 10 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस ने जिले की सीमा से लगी शराब दुकानों के कर्मचारियों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की। करीब 24 लोगों को पक?ा है। बताते हैं कि पटवारी ने जिस पिपलाई शराब दुकान का जिक्र किया था, वहां पर सीएसपी सुमित अग्रवाल, श्वेता गुप्ता, तहसीलदार रुपाली जैन चिमनगंज मंडी थाना प्रभारी हितेश पाटिल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देख शराब दुकान के बाहर अफरा तफरी मच गई। शराब दुकानों के ठेकेदारों को व्यवस्था करने के लिए कहा गया है।

**मेट्रो एंकर**

### आने वाले समय में कई मोर्चों पर कमजोरी की आशंका

# युध्द के बीच नया संकट..रुस की आबादी 250 साल के न्यूनतम स्तर पर!

**मॉस्को, एजेंसी**

करीब ढाई साल से यूक्रेन जंग और दुनिया के बाकी देशों से मोर्चा ले रहे रूस के सामने अब नया टेंशन जन्म दर में बड़ी गिरावट के तौर पर आया है। रुस की जनसंख्या में गिरावट इतनी ज्यादा है कि पिछले करीब 200 वर्षों के रेकॉर्ड टूट गए हैं। यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझी रूस की व्लादिमीर पुतिन सरकार की हालिया वर्षों में जन्म दर को बढ़ाने की कई कोशिशों के बावजूद इस दिशा में कोई खास फायदा नहीं हुआ है। दूसरी तरफ रूस की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है, इससे काम करने वाले घटते जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रोस्टेट नाम की सरकारी एजेंसी ने जनसंख्या के नए आंकड़े में बताया कि इस साल जनवरी और फरवरी रूस में सिर्फ 1,95,400 बच्चे पैदा हुए। यह आंकड़ा पिछले साल के इन महीनों के मुकाबले तीन फीसदी कम है। फरवरी महीने में तो और ज्यादा गिरावट आई। फरवरी में जन्म दर 7.6ब तक गिर गई और सिर्फ 90,500 बच्चे पैदा हुए। जनसांख्यिकी विशेषज्ञ अलेक्सी का कहना है कि 2025 की पहली तिमाही में रूस की जन्म दर 1800 के दशक के बाद सबसे कम है। हालांकि रोस्टेट ने अभी तक मार्च महीने के आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए हैं। बीते साल, 2024 में 12.22 लाख बच्चे पैदा हुए थे। यह 1999 के बाद सबसे कम आंकड़ा है। इस साल ये आंकड़ा और भी कम हो सकता है। रूस में बीते एक दशक में 2014 के मुकाबले जन्म दर में एक तिहाई की कमी आ गई है।



साल 2016 से 2024 के बीच ही रूस की जनसंख्या में 30 लाख से ज्यादा की कमी आ चुकी है।

### अभी और बढ़ेगा रूस में संकट!

रोस्टेट के अनुसार, रूस में जन्म दर में गिरावट आने वाले वर्षों में भी जारी रहेगी। अगले दो साल यानी 2027 तक यह आंकड़ा 11.4 लाख तक गिर सकता है। 2030 के बाद थोड़ी रिकवरी हो सकती है लेकिन 2045 तक भी जन्म दर 2014 से पहले के मुकाबले 25ब कम रहेगी। साफ है कि हालिया समय में रूस इससे बाहर नहीं आ पाएगा। एक्सपर्ट का कहना है कि अगर मौतों की संख्या हर साल 18 लाख के आसपास स्थिर होती है तो भी रूस की जनसंख्या में हर साल 5 लाख की कमी आएगी। यानि 2046 तक जनसंख्या 13.88 करोड़ तक गिर सकती है।





# तपिश : दिन के साथ अब रातें भी हो रही गर्म

**भोपाल।** राजधानी में इन दिनों तेज गर्मी का दौर जारी है। दिन में गर्म हवा बेहाल कर रही है, वहीं दिन भर तेज तपिश के बाद रात में भी लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 39.5 और न्यूनतम 24.8 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में खास परिवर्तन नहीं हुआ लेकिन न्यूनतम तापमान में 2.4 डिग्री की बढ़ोतरी हो गई।



### हादसों की बेलगाम रफ्तार, लेन अनुशासन की कमी और ओवर स्पीड मौत की वजह

# राजधानी में हर माह 500 से ज्यादा हो रहे सड़क हादसे

## आंकड़ा : 20 की मौत, 50 गंभीर घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी की काली सड़कों पर खून के लाल धब्बे बढ़ रहे हैं। दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक 1600 से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं हुईं। हर महीने 20 मौतें और 50 गंभीर रूप से घायल हुए। सड़क हादसों का यह ग्राफ हर माह बढ़ रहा है। बताया जाता है कि लेन अनुशासन की कमी और ओवर स्पीडिंग मौत की मुय वजह है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन और हेलमेट व सीट बेल्ट बांधने में घनघोर लापरवाही दुर्घटना में ऑन स्पॉट जान ले रही है। साथ ही कई जगह सड़क दुर्घटनाओं की वजह सड़क की खराब इंजीनियरिंग भी है। जानकारी के अनुसार यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए पुलिस विशेष अभियान चला रही है। लोगों के वाहनों की फिटनेस की जांच हो रही है। हेलमेट और सीट बेल्ट न लगाने की जांच हो रही है, लेकिन लोग ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति लापरवाह हैं।




### यह हैं प्रमुख कारण

- हर दूसरा या तीसरा व्यक्ति बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के चलाता है वाहन
- सिग्नल न मानने और फोन पर बात करते हुए गाड़ी भगाने की आदत
- खराब सडक़े, ब्लैक स्पॉट, लेट टर्न क्लियर न होना भी है बड़ा कारण
- गड्ढों और खंभों के बीच सडक़ के साथ ओवर ब्रिज की गलत संरचना

### डीपीआर भी हादसों के लिए जिम्मेदार

शहर में कई जगह फुटपाथ निर्माण में कंक्रीट स्लैब में होने वाली दरारों या सतह पर उतार-चढ़ाव की विकृतियां, सड़क पर पानी के ठहराव से बने गड्ढे और असमान सतह दुर्घटना के लिए 'ब्लैक स्पॉट' या खतरनाक बिंदु बनते हैं। यहां बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं। घटिया विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार है। इसके लिए सबसे बड़े दोषी सिविल इंजीनियर हैं। सिविल इंजीनियरिंग की छोटी-छोटी गलतियों से भी सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।

### ईकोफिक्स सड़कों से रुकेंगी दुर्घटनाएं

लोक निर्माण विभाग अब सड़कों पर मरमत के लिए स्टील स्लैग आधारित ईकोफिक्स तकनीक अपनाएगा। ईकोफिक्स एक रेडी टू-यूज पॉटहोल रिपेयर मिक्स है, जिसे सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) ने रामुका ग्लोबल सर्विसेज के साथ मिलकर विकसित किया है। इस मटेरियल का प्रयोग जलभराव वाली सड़कों के गड्ढों को भरने में किया जाएगा, क्योंकि बरसात में हॉट मिक्स प्लांट काम नहीं करता। मरमत के मात्र 15 से 20 मिनट बाद सडक़ को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

### यह भी जानिए

- 72.1 फीसदी दुर्घटनाएं ओवर स्पीडिंग से हादसे
- 67 फीसदी दुर्घटनाएं सीधी सड़कों पर हुई
- 66.5 फीसदी हादसों में 18-45 उम्र के लोग
- 13.8 फीसदी घटनाएं घुमावदार, सड़कों पर
- 4.9 फीसदी गलत दिशा में गाड़ी चलाने से
- 0.9 फीसदी दुर्घटना लाल बत्ती की अनदेखी पर

# प्रोफेसरों के तबादले से अतिथि विद्वानों पर फालेन आउट खतरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग ने हाल ही में प्रोफेसरों के तबादले के आदेश जारी किए है। ऐसे में अब प्रदेश के सरकारी कॉलेजों के अतिथि विद्वानों पर फालेन आउट होने का डर सता रहा है। अब जैसे ही प्रोफेसर नई पदस्थापना वाली जगहों पर ज्वाइन करेंगे, तो तत्काल अतिथि विद्वान बाहर हो जाएंगे। अतिथि विद्वान महासंघ ने विद्वानों के भविष्य पर चिंता जताई है। महासंघ के अनुसार, प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में अधिकतर कार्य अतिथि विद्वान ही संभालते हैं, लेकिन उन्हीं अतिथि विद्वानों का भविष्य सुरक्षित नहीं। अतिथि विद्वानों के भविष्य पर सरकार ध्यान दे।

### सरकार से मिला आश्वासन

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और वर्तमान मुख्यमंत्री पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने महापंचायत में घोषणा कि थी कि अतिथि विद्वान अब फालेन आउट नहीं होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा था कि अतिथि विद्वान कालेजों में ही रहेंगे उनके साथ जु?ा फालेन आउट शब्द विलोपित किया जाता है, लेकिन आज भी घोषणा की एक भी लाइन पूरी नहीं हुई।

### हस्ताक्षर अभियान चलाया



भोपाल,दोपहर मेट्रो। मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण ऑर्गनाइजेशन ने पुरुष आयोग की मांग करते हुए गत दिवस हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत कोलार रोड क्षेत्र में की।

# अंबेडकर जयंती पर संत कॉलेज में हुई प्रतियोगिताएं

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स साइंस कॉलेज में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कॉलेज में ÷शिक्षा और समानता÷ विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कॉलेज की 50 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, दर्शन और शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर अपने विचार व्यक्त किए। कॉमर्स विभाग की प्रमुख आकांक्षा अरोरा और अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफेसर प्रो. गीतांशी बुट्टन ने प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन किया। दोनों निर्णायकों ने छात्राओं को मार्गदर्शन दिया और निष्पक्ष निर्णय सुनिश्चित किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।



# काटजू बनेगा मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने का मॉडल सेंटर

**भोपाल।** मप्र में मातृ-शिशु मत्यु दर आधी करने के लक्ष्य हासिल करने के लिए काटजू अस्पताल को मॉडल के रूप में स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें 100 से अधिक महिला और शिशु रोगों की जांच और उनके उपचार की व्यवस्था होगी। इसके लिए मंगलवार को राज्य सरकार ने आइआइसी संचालक डॉ. रचना दुबे को सेंटर का नोडल अधिकारी और डॉ बलराम उपाध्याय को अस्पताल का अधीक्षक नियुक्त किया है। इससे सरकार मिशन 2030 को सफल बनाने में शामिल राज्य के अन्य अस्पताल सीखेंगे। अधिकारियों ने बाल वार्ड, महिला वार्ड और अस्पताल के रसोई घर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# साधु वासवानी विद्यालय में जल गंगा, जल संवर्धन अभियान

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल के छात्रों ने जल गंगा जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें चित्रकला, कला और शिल्प, खेलकूद और जल संरक्षण से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सरी से केजी-2 तक के छात्रों ने चित्रकला, कला और शिल्प, और खेलकूद प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में भाग लिया। पहली से पाँचवीं कक्षा तक के छात्रों ने पेड़ और गंगा जल के संरक्षण पर चित्रकला बनाई, जबकि छठवीं से आठवीं कक्षा तक के छात्रों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया।



शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यालय में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ छात्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाती हैं और उन्हें प्रोत्साहित करती हैं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर**

### एल.वी.एस. और पी.के.पी.एस. स्कूल में आशीर्वाद समारोह

# ज्ञान से बड़ा कोई धन नहीं, कोई नहीं चुरा सकता : भाऊजी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एजुकेशनल सोसायटी द्वारा लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल, गांधीनगर में मंगलवार को आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संतजी के उत्तराधिकारी सिद्धभाऊजी ने परंपरागत तरीके से की। प्राचार्यों और शिक्षकों ने सिद्ध भाऊ और अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। भाऊजी ने कहा कि ज्ञान वह धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता और इसे स्वयं के परिश्रम के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जो कोई इस बात को जितनी जल्दी समझ जाता है, उसका भविष्य उतना ही उज्ज्वल होता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक समृद्धि, गाड़ी, नौकर प्राप्त करने का एकमात्र तरीका शिक्षा है। उन्होंने छात्रों को अपने माता-पिता का हमेशा सम्मान करने के लिए कहा, जिन्होंने उन्हें शिक्षित करने के लिए अपनी इच्छाओं का त्याग किया। भाऊजी ने कहा कि उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज के विभिन्न प्रकार के वातावरण के साथ तालमेल बिठाना होगा, और उन्होंने उन्हें जीवन में हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर रमेश हिंगोरानी, मनोहर वासवानी, भगवानदास दामानी, योगेश हिंगोरानी, नीलेश हिंगोरानी और स्कूल के सभी कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे।

### मिस और मिस्टर पुरस्कार

कक्षा 12 की छात्रा इशिका साहू को स्टूडेंट ऑफ द ईयर और सानिया घोषी को मिस एल.वी.एस. का पुरस्कार दिया गया। प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के छात्र चंद्रप्रकाश नागर को मिस्टर पी.के.पी.एस. और कृष्णा पंजवानी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। भाऊजी ने छात्रों को स्मृति चिन्ह और पुरस्कार भी प्रदान किए। बारहवीं कक्षा के छात्रों ने ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों को ज्ञान की ज्योति प्रदान की और एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।



# चूनाभट्टी मेन रोड पर लगा कचरे का ढेर

**भोपाल।** राजधानी के तमाम इलाकों में अब भी साफ-सफाई की व्यवस्था सही तरीके से पूर्ण नहीं हो रही है। इस मामले में लगातार नगर निगम प्रशासन के जिम्मेदार अफसर और कर्मचारी लापरवाही दिखा रहे हैं, जिससे स्वच्छता अभियान की पोल खुल रही है। शहर के चूनाभट्टी इलाके में स्थित कोलार गेस्ट हाउस तिराहे के नजदीक कोलार सिक्सलेन सड़क में आए दिन कचरे के ढेर लगे आसानी से देखे जा सकते हैं। जबकि, इस मार्ग से रोजाना नगर निगम प्रशासन सहित अनेक विभागों के जिम्मेदार अफसर आवाजाही करते हैं। इसके बाद भी इस रोड पर साफ-सफाई को लेकर कोई सख्ती नजर नहीं आती है। यहां के रहवासियों का कहना है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा इस इलाके में पर्याप्त तरीके से सफाई नहीं की जाती है।

# सीएम राइज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 3 किलोमीटर के दायरे का फार्मूला

## स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रवेश की गाइडलाइन की जारी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सीएम राइज स्कूलों (सांदीपनी विद्यालय) में प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रदेश में संचालित सीएम राइज स्कूल (सांदीपनी विद्यालय) में प्रवेश के लिए वर्ष 2025-26 के लिए गाइडलाइन जारी की है। पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर शुरू हुई प्रवेश प्रक्रिया के तहत सरकारी स्कूलों और तीन किमी के दायरे में आने वाले विद्यार्थियों को पहले प्रवेश दिए जाएं।?प्रवेश के लिए स्कूल से आवेदन फार्म लेना होगा। आवेदन जमा होने के बाद स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रवेश के लिए चयनित छात्रों की सूची प्रकाशित की जाएगी। पंजीकृत और चयनित विद्यार्थियों की सूची, वेटिंग लिस्ट के साथ स्कूल के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर प्रकाशित होगी।हालांकि इसके बाद भी अगर सीटें खाली रहती हैं तो अन्य बच्चों को प्रवेश दिया जा सकेगा। शिक्षा विभाग का यह नियम सिर्फ उन स्कूलों में लागू होगा, जिनकी बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई हैं। स्कूलों के लिए भी दिशा निर्देश जारी विभाग ने एडमिशन में आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

### तीन चरणों में होंगे प्रवेश

यह गाइडलाइन नये भवन में संचालित व पुराने भवनों में चल रहे सीएम राइज स्कूलों के लिए अलग-अलग रहेगी। पहले चरण में सिर्फ उन्हीं बच्चों को एडमिशन दिया जाएगा, जो या तो एक किलोमीटर की परिधि में रहते हों या फिर पढ़ते हों। इसके बाद 2 किमी और फिर 3 किमी की परिधि वाले छात्रों को सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश में पहली प्राथमिकता सरकारी स्कूलों के बच्चों को मिलेगी। इसके बाद सीटें खाली होने पर अन्य बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। उपलब्ध सीटों से ज्यादा आवेदन आने पर पारदर्शिता के लिए लॉटरी पद्धति अपनाएं।



## कॉलेजों को कोर्स, सीटों की संख्या और फीस की जानकारी वेबसाइट पर करनी होगी अपलोड

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।** बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम अप्रेल के अंतिम सप्ताह में जारी होने की तैयारी है। रिजल्ट आने के साथ ही प्रदेश के कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग ने मई के पहले सप्ताह से कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की योजना बनाई है। उच्च शिक्षा आयुक्त ने सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी कॉलेज वेबसाइट को अपडेट करें। इसके तहत कॉलेजों को उपलब्ध कोर्स, सीटों की संया और फीस की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। हालांकि निर्देश दिए जाने के एक सप्ताह बाद भी कई कॉलेजों ने वेबसाइट अपडेट नहीं की है।इस कारण छात्र जानकारी के अभाव में अब भी पारंपरिक कोर्सों में ही प्रवेश ले रहे हैं। पिछले साल उच्च शिक्षा विभाग ने 35 वॉकेशनल और 139 ओपन इलेक्टिव कोर्स शुरू किए थे। इसका मुय कारण छात्रों को नए कोर्स की जानकारी और मार्गदर्शन की कमी है।

### एमसीयू में कार्यक्रम

## बाबा साहब अंबेडकर अर्थशास्त्री और चिंतक थे : तिवारी



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्टीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ द्वारा एमपी नगर सिटी कैम्पस स्थित विकास भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद करते हुए कहा कि बाबा साहब केवल संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि एक सफल वकील, अर्थशास्त्री और महान चिंतक भी थे। उन्होंने कहा, ष्जब मैंने उनकी वित्तीय विषयों पर लिखी पुस्तक पढ़ी, तब मुझे उन्हें देखने का नजरिया ही बदल गया। उन्होंने यह भी कहा कि कोई व्यक्ति कितना महान बना, यह महत्वपूर्ण नहीं होता। महत्वपूर्ण यह होता है कि वह किन परिस्थितियों से उठकर आया, क्या कहा, क्या किया और कैसे समाज को दिशा दी। बाबा साहब इसी सत्य का सबसे बड़ा उदाहरण हैं। उन्होंने अमृतलाल नागर की पुस्तक नाच्यो बहुत गोपाल का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका अध्ययन सभी को करना चाहिए। कुलगुरु तिवारी ने अपने शिक्षक सुंदरलाल जाटव का भी भावुकतापूर्वक स्मरण किया और कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं, वह गुरुओं की प्रेरणा और आशीर्वाद का परिणाम है।

## 28 अतिरिक्त लोक अभियोजक पदों पर नियुक्ति का इंतजार

### अंदरखाने जारी है जोर आजमाइश

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

जिला न्यायालय में प्रदेश सरकार की पैरवी के लिए दिसंबर 2024 में 28 अतिरिक्त लोक अभियोजकों व एक लोक अभियोजक पद को भरने में लगातार देरी हो रही है। जबकि इसके आवेदन बार एसोसिएशन के माध्यम से विधि विभाग द्वारा आमंत्रित किए गए थे। एजीपी के पद पर वर्तमान में मंजू जैन, राजेश सिंह, नूतन नागर ,पूर्णानंद गोस्वामी, माधुरी पाराशर, राजेंद्र पटेल, संतोष शर्मा, वासुदेव गोस्वामी, प्रीति श्रीवास्तव ,हरीवल्लभ शर्मा कुल 20 अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता काम कर रहे हैं। बताया जाता है कि हाईकोर्ट में शासकीय अधिवक्ता रहे प्रमोद सक्सेना ने भी अपना दावा एक कद्दावर भाजपा नेता के दम पर ठोका है। जबकि वर्तमान लोक अभियोजक प्रेम नारायण राजपूत पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी माने जाते हैं। उन्हें आनंद तिवारी को हटाकर नियुक्त किया था। वहीं कमल वर्मा को संघ के बड़े पदाधिकारियो ने आश्वासन दिया है। पिछले तीन वर्ष से भाजपा विधि विभाग तथा चुनाव आयोग का काम देख रहे अशोक विश्वकर्मा को भी कोई स्थान नहीं मिला है। नगरीय निकाय विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों में बीजेपी प्रदेश कार्यालय में विधि विभाग में सबसे चर्चित नाम विश्वकर्मा का रहा है। माना जाता है कि इन चारों नाम के कारण इस पद के लिए लड़ाई रोचक हो चुकी है।

### कई बार शिकायत ऊपर तक

बताया जा रहा है वर्तमान में हर न्यायाधीश के पास एक लोक अभियोजक हो, इसलिए इतनी बड़ी संख्या में अतिरिक्त लोक अभियोजकों की नियुक्ति किया जाना है। वैसे प्रदेश भर के सरकारी वकीलों को तब चौका दिया गया जब कुछ लोगों का रिन्यूअल रोक कर सभी पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए। चर्चा है कि जब यह विभाग तत्कालीन मंत्री नरोत्तम मिश्रा के पास था तब भी अंदरखाने विवाद रहा और कई बार शिकायत 'ऊपर' तक भी पहुंची। कहा जाता है कि भोपाल का लोक अभियोजक का निर्णय पहले भी 'ऊपर' से होता रहा है। इस हिसाब से अब कमल वर्मा का नाम लगभग तय माना जा रहा है।




## संपादकीय

# 90 दिन बाद नहीं अभी से सतर्कता जरूरी

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा जवाबी टैरिफ 90 दिनों के लिए स्थगित करने के बाद भी व्यापार चक्र तेजी से घूम रहा है। ट्रंप का निर्णय यह दिखाता है कि निर्णय ठोक बजाकर नहीं लिए जा रहे हैं और इसके चलते वैश्विक वित्तीय बाजार और अर्थव्यवस्था भारी अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, इस स्थगन ने वित्तीय बाजारों को अत्यावश्यक राहत प्रदान की है लेकिन सभी देश 90 दिन के बाद की स्थितियों पर भी अभी से गुणाभाग लगा रहे हैं। इस बीच अमेरिका में बाजार फिर गति में हैं। संशोधित योजना के अनुसार सभी देशों के लिए 10 फीसदी का बुनियादी टैरिफ बरकरार रहेगा जबकि भारत समेत चुनिंदा कारोबारी साझेदारों पर लगाया गया जवाबी शुल्क फिलहाल स्थगित रहेगा। उम्मीद है कि अगले 90 दिनों में कारोबारी साझेदार किसी ऐसे समझौते पर पहुंच जाएंगे जो ट्रंप प्रशासन को 'उचित' प्रतीत होगा। ध्यान देने वाली बात है कि चीन इस योजना का हिस्सा नहीं है और अमेरिका आने वाले चीनी आयात पर चीन पर टैरिफ 125 प्रतिशत कर दिया गया है। चीन को बाहर रखने और ऐसे प्रतिशोधात्मक टैरिफ लगाने का अर्थ है कि जोखिम वैश्विक व्यापार और वृद्धि से परे भी हो सकता है। यह स्पष्ट है कि ट्रंप के कदमों के कारण वित्तीय बाजारों में मची उथलपुथल थोड़ी धीमी पड़ चुकी है। मगर बॉन्ड बाजारों में बिकवाली वॉल स्ट्रीट में कुछ लोगों के लिए खासी चिंताजनक है। आमतौर पर जब शेयरों की कीमत गिरती है तो पैस बॉन्ड की ओर जाता है जिससे बॉन्ड कीमतों में इजाफा होता है। बीते कुछ दिनों से बॉन्ड कीमतों में गिरावट आरंभ हो गई। यह बताता है कि निवेशक कहीं अधिक चिंतित हैं। अमेरिकी सरकार के डेट बाजार का गलत आवंटन दुनियाभर के अन्य बाजारों के लिए कठिनाई पैदा कर सकता है। यह चकित करता है कि ट्रंप और उनके सलाहकारों ने अलग नतीजों की उम्मीद की थी। बहरहाल, वित्तीय बाजारों में सुधार जहां समझा जा सकता है वहीं बुनियादी स्तर पर कुछ खास नहीं बदला है। यह केवल एक ठहराव है और ट्रंप ने अपने लक्ष्य हासिल करने में टैरिफ के महत्व को लेकर मन नहीं बदला है। ऐसे में अगले 90 दिनों तक कारोबारी साझेदारों के लिए बातचीत आसान नहीं होगी और वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता का स्तर बढ़ा रहेगा जो वैश्विक वृद्धि को प्रभावित करेगा। बीते कुछ दिनों के प्रमाण बताते हैं अमेरिका साझेदार देशों द्वारा टैरिफ कम करने से संतुष्ट नहीं होगा। मसलन वियतनाम द्वारा अमेरिकी आयात पर शून्य शुल्क भी अमेरिकी प्रशासन को संतुष्ट नहीं कर सका। ट्रंप के लिए विभिन्न देशों के साथ व्यापार घाटा सही नहीं है और उसे दूर किया जाना चाहिए। यह संभव नहीं होगा क्योंकि चीजें इस तरह काम नहीं करतीं। वास्तव में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वैश्विक व्यापार और आर्थिक व्यवस्था पर सवाल उठा रही है। इससे व्यवस्था में अस्थिरता आना तय है। जहां तक भारत की बात है तो अमेरिका से संबद्धता बनाए रखनी होगी। भारत अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है क्योंकि उसने जवाबी टैरिफ की घोषणा के काफी पहले द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू कर दी थी। यह दोहराना सही होगा कि टैरिफ कम करना तथा अधिकांश वस्तुओं पर अन्य कारोबारी प्रतिबंध भारत के हित में हैं। इससे भारत को बहुप्रतीक्षित व्यापार वार्ताओं को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिकी व्यापार नीति के कारण अनिश्चितता की अवधि से गुजरना होगा। अभी स्पष्ट नहीं है कि अगले कुछ महीनों में हालात क्या मोड़ लेंगे। लिहाजा भारत को बेफिक्र नहीं बल्कि सतर्क रहना ही होगा।

**बहस में अक्सर वही जीतता है जो ऊँचा बोल पाता है।**

**- यशपाल**

## आज का इतिहास

- 1862 : राष्ट्रपति लिंकन ने कोलंबिया जिले में दासप्रथा को समाप्त करने वाले अधिनियम पर हस्ताक्षर किए।
- 1917 : पेट्रोग्राड में रूसी सैनिकों ने विद्रोह किया, रूस मे अस्थाई सरकार का गठन, जार निकोलस द्वितीय ने सत्ता और देश का त्याग किया।
- 1919 : जलियांवाला बाग हत्याकांड में दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने के लिए महात्मा गांधी ने प्रार्थना सभा और उपवास की घोषणा की।

1945 : द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जर्मन शरणार्थी पोत डूब गया, जिसमें 7,000 लोगों की मौत हुई।

- 1964 : ब्रिटेन के चर्चित अपराधों में शामिल द ग्रेट ट्रेन रॉबरी के लिए 12 लोगों को 307 साल की सजा ।
- 1988 : उत्तरी इराक के हलबजा शहर पर गैस हमला हुआ, जिसमें हजारों लोग मारे गए।
- 1999: पाक ने भारत को हरा कर कोकाकोला कप त्रिकोणीय टूर्नामेंट (शारजाह) जीता।
- 1999 : न्यू माइक्रोव नामक सबसे बड़े आकार के जीवाणु का पता चला।
- 2002 : दक्षिण कोरिया में एक विमान दुर्घटना में 120 लोगों की मौत।
- 2004 : भारत ने रावलपिंडी टेस्ट मैच जीता और पाकिस्तान को श्रृंखला में 2-1 से हरा दिया।
- 2008 : लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण।
- 2010 : ब्रिक्स सम्मेलन के बाद भारत, रूस, चीन और ब्राजील के नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र में भारत-ब्राजील की महत्वपूर्ण भूमिका एवं प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने वाले सुधार पर बल दिया।
- 1889 : प्रसिद्ध हास्य कलाकार चार्ली चैपलिन का जन्म।
- 1913 : भारत के प्रसिद्ध चित्रकार केएच आरा का जन्म।
- 1995 : भारत की फ्रीस्टाइल पहलवान सरिता मोर का जन्म।
- 1969 : कर्नाटक संगीत की प्रसिद्ध गायिका एस. सौम्या का जन्म।
- 1951 : प्रसिद्ध बांग्ला लेखक अद्वैत मल्लबर्मन का निधन।
- 1961 : प्रसिद्ध सिख नेता और क्रांतिकारी रणधीर सिंह का निधन।
- 1966 : भारत के प्रसिद्ध चित्रकार नंदलाल बोस का निधन।
- 2011 : महावीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर भवानी सिंह का निधन।

## निशाना

### आ रही दरार !



-कृष्णेन्द्र राय

**धीरे धीरे गठबंधन में ।**
**आ रही दरार ।।**
**बह रही चुनाव की ।**
**अलग ही बयार ।।**
**आबोहवा बदल रही ।**
**आंख रहे तरेर ।।**
**काट रहे अब कन्नी ।**
**पहले थे दिलेर ।।**
**समय समय की बात है ।**
**चक्र रहा बदल ।।**
**हुए थोड़े दूर ।।**
**पास थे जो कल ।।**
**है चुनाव सर पर ।**
**मिल रहे ना मन ।।**
**बिगड़ रही जो बात ।**
**ना रहु वो बन ।।**

# वर्तमान वैश्विक पटल पर भारत के लिए आपदा में अवसर

■ प्रहलाद सबनानी

अमेरिका ने अन्य देशों से अमेरिका में होने वाली आयातित उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर विश्व के लगभग समस्त देशों के विरुद्द एक तरह से व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। इससे यह आभास हो रहा है आगे आने वाले समय में विभिन्न देशों के बीच सापेक्ष युद्ध न होकर व्यापार युद्ध होने लगेगा। चीन से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर तो अमेरिका ने 145 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। एक तरह से अमेरिका की ओर से चीन को यह खुली चुनौती है कि अब अपने उत्पादों को अमेरिका में निर्यात कर के बताए। 145 प्रतिशत के आयात कर पर कौन सा देश अमेरिका को अपने उत्पादों का निर्यात कर पाएगा, यह लगभग असम्भव है। इससे चीन की अर्थव्यस्था छिन्न भिन्न हो सकती है, यदि चीन, अमेरिका के स्थान पर विश्व के अन्य देशों को अपने उत्पादों का निर्यात नहीं बढ़ा पाया। बगैर प्रत्यक्ष युद्ध किए, अमेरिका ने चीन पर एक तरह से विजय ही प्राप्त कर ली है और चीन की अर्थव्यवस्था को भारी नुक्सान करने के रास्ते खोल दिए हैं, हालांकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी। परंतु, ट्रम्प प्रशासन ने विश्व के 75 देशों पर लागू किए गए टैरिफ को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। इससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर अन्यथा होने वाले विपरीत प्रभाव को बहुत बड़ी हद्द तक कम कर लिए गया है। अमेरिका संभवत चाहता है कि आर्थिक मोर्चे पर चीन पर इतना दबाव बढ़ाया जाए कि चीन की जनता चीन के वर्तमान सत्ताधरियों के विरुद्ध उठ खड़ी हो और चीन एक तरह से टूट जाए। अमेरिका ने लगभग इसी प्रकार का दबाव बनाकर सोवियत रूस को भी तोड़ दिया था।

कुल मिलाकर पूरे विश्व में विभिन्न देशों के बीच अब नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। यूरोपीयन यूनियन के समस्त सदस्य देश आपस में मिलकर अब अपनी सुरक्षा स्वयं करना चाहते हैं। अभी तक ये देश अमेरिका के सखा देश होने के चलते अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहते थे। परंतु, वैश्विक स्तर पर बदली हुई परिस्थितियों के बीच इन देशों का अमेरिका पर विश्वास कम हुआ है एवं यह देश आपस में मिलकर अपनी स्वयं की सुरक्षा व्यवस्था खड़ी करना चाहते हैं। आगे आने वाले समय में यूरोपीयन यूनियन के समस्त देश अपने सुरक्षा बजट में भारी भरकम वृद्धि कर सकते हैं। यहां, भारत के लिए अवसर निर्मित हो सकते हैं क्योंकि भारत में हाल ही के समय में सुरक्षा के क्षेत्र में उत्पादों की नई एवं भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता निर्मित हुई है। भारत



आज सुरक्षा के क्षेत्र में तेजी से न केवल आत्म निर्भर हो रहा है बल्कि भारी मात्रा में उत्पादों का निर्यात भी करने लगा है। आज सिंगापुर जैसे विकसित देश भी भारत से सुरक्षा उत्पाद खरीदने हेतु करार करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यदि यूरोपीयन देशों के साथ भारत की पटरी ठीक बैठ जाती है तो सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं मौजूद है। भारत, यूरोपीयन देशों के साथ सामूहिक तौर पर द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के प्रयास भी कर रहा है।

इसी प्रकार, आगे आने वाले समय में यदि चीन के निर्यात अमेरिका को कम होते हैं तो चीन से विनिर्माण इकाईयों का पलायन तेजी से प्रारम्भ होगा। संभवत इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र, टेक्स्टायल क्षेत्र, फार्मा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, प्रेशस मेटल के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही है, क्योंकि, उक्त समस्त क्षेत्रों से चीन, अमेरिका को भारी मात्रा में निर्यात करता है। अब 145 प्रतिशत के टैरिफ की दर पर चीन में निर्मित उत्पाद अमेरिका में नहीं बिक पाएंगे। अतः भारत के लिए इन समस्त क्षेत्रों में अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही हैं। टेक्स्टायल के क्षेत्र में तो वर्तमान में भारत के पास बहुत भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता भी उपलब्ध है। टेक्स्टायल के क्षेत्र में भारत के पड़ौसी देश ही अधिक प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं, जैसे बंगलादेश, पाकिस्तान, चीन, वियतनाम आदि। इस समस्त देशों पर अमेरिका द्वारा लगाई गई टैरिफ की दर, भारत की तुलना में कहीं अधिक है।

अतः टेक्स्टायल के क्षेत्र में भारत में निर्मित विभिन्न उत्पाद तुलनात्मक रूप से अधिक प्रतिस्पर्धी बन गए हैं। इसका सीधा सीधा लाभ भारतीय टेक्स्टायल उद्योग द्वारा उठाया जा सकता है। इसी प्रकार, मोबाइल फोन का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कम्पनियों में से सैमसंग एवं ऐपल नामक कम्पनियां भारत में अपनी उत्पादन क्षमता में भारी भरकम वृद्धि करने के बारे में विचार कर रही हैं। वर्ष 2024 में भारत से 2040 करोड़ अमेरिकी डॉलर के मोबाइल फोन का निर्यात विभिन्न देशों को हुआ हैं, यह वर्ष 2023 में हुए निर्यात की राशि से 44 प्रतिशत अधिक है। और, मोबाइल फोन के निर्यात में हुई इस भारी भरकम वृद्धि में ऐपल एवं सैमसंग कम्पनियों का योगदान सबसे अधिक रहा है। केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई उत्पादन प्रोत्साहन योजना का लाभ भी भारत में मोबाइल निर्माता कम्पनियों ने भारी मात्रा में उठाया है। भारत आज स्मार्ट मोबाइल के उत्पादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यदि वैश्विक स्तर पर परिस्थितियां इसी प्रकार बनी रहती हैं तो शीघ्र ही भारत मोबाइल उत्पादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा।

अन्य क्षेत्रों में उत्पादन करने वाली बहुराष्ट्रीय बड़ी बड़ी कम्पनियां भी अपनी विनिर्माण इकाईयों को चीन से स्थानांतरित कर भारत में स्थापित कर सकती हैं। कोविड महामारी के खंडकाल के समय भी यह उम्मीद की जा रही थी और चीन+1 नीति का अनुपालन करने के सम्बंध में कई कम्पनियों ने घोषणा की थी परंतु उस समय पर कई कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को ताईवान, वियतनाम, एवं थाईलैंड, आदि जैसे छोटे छोटे देशों में ले गई थी और इसका लाभ भारत को बहुत कम मिला था। परंतु, आज परिस्थितियां बहुत बदली हुई हैं। छोटे छोटे देशों में बहुत भारी मात्रा में उत्पादन करने वाली विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने की बहुत सीमाएं हैं। इन देशों में श्रमबल की उपलब्धता सीमित मात्रा में है। जबकि भारत में इस दौरान आधारिक संरचना एवं मूलभूत सुविधाओं में अतुलनीय सुधार हुआ है और भारत में श्रमबल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

आज जापान, इजराईल, ताईवान, रूस, जर्मनी, फ्रान्स, आस्ट्रेलिया आदि विकसित देश श्रमबल की कमी से जूझ रहे हैं। कई विकसित देशों में जनसंख्या वृद्धि दर लगभग शून्य के स्तर पर आ गई है। बल्कि, कुछ देशों में तो जनसंख्या में कमी होती हुई दिखाई दे रही है। दूसरे, इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही है और इन प्रौढ़ नागरिकों की देखभाल के लिए भी युवा नागरिकों की आवश्यकता है। अब कुछ देशों जैसे जापान, इजराईल, ताईवान आदि ने भारत सरकार से भारतीय नागरिकों के इन देशों में बसाने के बारे में विचार करने को कहा है। इजराईल सरकार ने लगभग 1 लाख भारतीयों की मांग भारत सरकार से की है, जापान सरकार ने भी लगभग 2 लाख भारतीयों की मांग की है एवं ताईवान सरकार ने भी लगभग 1 लाख भारतीयों की मांग की है। भारत आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे युवा देश है। अतः भारत आज इस स्थिति में है कि अपने नागरिकों को इन देशों में बसाने के लिए भेज सके। वैसे भी विश्व के कई देशों में आज लगभग 4 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक निवास कर रहे हैं एवं इन देशों की अर्थव्यवथा में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। भारतीय नागरिक वैसे भी हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हैं एवं इन देशों में शांतिपूर्ण तरीके से जीवन यापन करते हैं। इतिहास गवाह है कि भारत ने कभी भी किसी भी देश पर अपनी ओर से आक्रमण नहीं किया है।

भारतीय नागरिक 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना में विश्वास रखते हैं अतः किसी भी देश में वहां के स्थानीय नागरिकों के साथ तुरंत घुलमिल जाते हैं। अतः भारत के लिए विभिन्न देशों को श्रमबल उपलब्ध कराने के क्षेत्र में भी अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही है। कुल मिलाकर भारत सरकार ने भी विभिन्न देशों के साथ अपने द्विपक्षीय व्यापार समझौतों को शीघ्रता के साथ अंतिम रूप देना प्रारम्भ कर दिया है क्योंकि आगे आने वाले समय में विश्व व्यापार संगठन की उपयोगिता लगभग समाप्त हो जाएगी और आगे आने वाले समय में विदेशी व्यापार के क्षेत्र में दो देशों के बीच आपस में किए गए द्विपक्षीय व्यापार समझौते ही अपनी विशेष भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। अतः भारत सरकार को इन देशों से होने वाले द्विपक्षीय समझौतों में भारत के हितों की रक्षा करने पर विशेष ध्यान देना होगा। बहुत सम्भव है कि भारत का अमेरिका के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार समझौता आगामी 6 माह के अंदर सम्पन्न हो जाए और फिर भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात के लिए एक नया रास्ता खुल जाए।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं।)**

# रंगमंच भी अस्त्र-शस्त्र है समृद्ध संस्कृति के प्रचार का

## गौरवशाली इतिहास से युवा वर्ग को परिचित करवाने का सशक्त माध्यम बना, महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य

■ अशोक मनवानी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रंगमंच के महत्व से पूरे राष्ट्र को अवगत करवा दिया है। वैसे तो इस डिजिटल युग में सूचना और मनोरंजन के कई फॉर्मेट लोकप्रिय हो चुके हैं, लेकिन भारतीय नाट्यशास्त्र की सुदृढ़ और समृद्ध परंपरा से जन जन को विशेष रूप से युवा वर्ग परिचित करवाने के लिए नई दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य नाटक का निरंतर तीन दिन मंचन होना महत्व रखता है। बहुत दिन नहीं हुए जब हम डिजिटल तकनीक को आत्मसात कर बैठे थे। ऐसा लगता था कि पारंपरिक कलाओं को हम भूल रहे हैं। लेकिन मध्य प्रदेश से जो संदेश पूरे राष्ट्र में पहुंचा है वह यह है कि अभिनय, प्रकाश संयोजन,संगीत वेशभूषा और विशाल मंच के माध्यम से हमारे पौराणिक चरित्रों का जीवन सामने आना चाहिए। हमारे वे आदर्श शासक और आराध्य जो युवा पीढ़ी द्वारा भुला दिए गए हैं या युवा पीढ़ी को हमने उनसे परिचित ही नहीं करवाया तो इसमें कसूर वर्तमान पीढ़ी का भी है। युवाओं के पास समय भी है। सृजन की शक्ति भी है , जिज्ञासा का तत्व भी विद्यमान है तो फिर उन्हें इन राष्ट्र के आदर्श प्रतीकों की जानकारी से वंचित क्यों रखा जाए और बच्चे भी कलाओं के प्रति रुचि रखते हैं,वे भी इस विधा के लिए जिज्ञासु हो सकते हैं। यदि उन्हें महान व्यक्तित्वों के बारे में ज्ञानवर्धक विवरण देने वाले नाटक मंचन से जोड़ा जाए।

### अन्य सेनानियों की गाथा भी आएगी मंच पर

भोपाल में कुछ वर्ष पूर्व लाल परेड मैदान पर जाणता राजा का मंचन हुआ था जिसमें शिवाजी महाराज के कृतित्व को दर्शाया गया था। इस नाटक के मंचन से यह जागृति प्रारंभ हो जाती लेकिन वह लहर ना बन सकी। एकाध मंचन हुआ और मामला समाप्त हो गया। देश की राजधानी में लाल किले पर तीन दिन लगातार सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य



का मंचन मध्य प्रदेश के लिए गर्व की बात है। यह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का नवाचार है। हमारे ऐसी दानवीर शासक जिन्होंने वीरता और न्याय के क्षेत्र में भी दृष्टांत स्थापित किए , वे पाठ्य पुस्तकों में तो आ गए हैं लेकिन पाठ्य पुस्तकों से बाहर मंच तक क्यों ना पहुंचें। आखिर युवा पीढ़ी को उनकी विस्तार पूर्वक जानकारी क्यों नहीं दी जाना चाहिए? यह नवाचार आगे जाएगा अन्य राज्यों में भी न केवल सम्राट विक्रमादित्य के कार्यों की जानकारी , नागरिकों को मिलेगी बल्कि भगवान राम, भगवान श्री कृष्ण, राजा भोज, सम्राट अशोक और स्वतंत्रता सेनानियों सहितभारत के गौरव रहे अन्य महापुरुषों के कृतित्व की गाथा बताने वाली नाट्य प्रस्तुतियां होंगी।दिल्ली में हुए नाट्य मंचन सफल रहे हैं। हाथी ,घोड़ों के उपयोग और बीसियों की संख्या में कलाकार दल के साथ इतिहास के उस दौर को जीवंत करना साधारण कार्य नहीं है। संस्कृति विभाग, विक्रमादित्य पीठ, सामाजिक संगठन और सांस्कृतिक संगठन इसके लिए एकजुट हुए। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने इन कार्यक्रमों के लिए जो समन्वय किया उसकी भी मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रशंसा की है।

### युवाओं को मिलेगी प्रेरणा

कलाओं के विकास के साथ भारतीय गौरव का स्मरण करते हुए देश की प्राचीन संस्कृति, भारतीय अस्मिता को सामने लाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सिर्फ कहने के लिए विरासत से विकास की बात नहीं कही, वे चाहते हैं इसका दायरा विस्तृत हो। हमारे युवा हेरिटेज वॉक करें। वे किलों और स्मारकों को देखें। तत्कालीन शासकों के शौर्य से परिचित हों। भारतीय स्वाभिमान के प्रसंग चर्चा का विषय बनें। सिर्फ बंद कमरों में संगोष्ठी ना हो बल्कि भारत के ऐसे गौरवशाली व्यक्तित्व बच्चों के बीच भी जाने जाएं। स्कूली पाठ्यक्रम से लेकर विद्यालयों, महाविद्यालय के पाठ्यक्रमों में सगर्व उनका उल्लेख हो और नाट्य मंचन उस थ्योरी को प्रैक्टिकल रूप में रंगमंच पर प्रस्तुत करे। महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन युवाओं को रंगमंच विधा की ओर आकर्षित करने के लिए प्रेरित करेगा।

### रंगमंच कलाकार भी हुए उत्साहित

रंगमंच से जुड़े देश के हजारों कलाकारों का मन हर्षित है और वे मुख्यमंत्री डॉ यादव के प्रति आभार का भाव रखते हैं जो उन्होंने इस कला को महत्व दिया और राज्याश्रय भी दिया। सैकड़ों कलाकारों को प्रोत्साहित किया। थिएटर की शक्ति सही दिशा में और सही विषय को लेकर दिखाई दी है।

**(साभार : लेखक जनसंपर्क विभाग में संयुक्त संचालक हैं।)**

### संभागायुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की

# कलेक्टर्स के कामकाज से नाखुश कमिश्नर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दी हिदायत

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए अब तक किए जा रहे कार्यों के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के पुर्न उत्थान एवं पुर्न जींवन में अपेक्षित प्रगति लाए। सभी पुरानी एवं जीर्ण शीर्ण जल संरचनाओं की मरम्मत करके उन्हें पेयजल योग्य बनाएं।




उल्लेखनीय है कि कमिश्नर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर से आमने-सामने चर्चा कर रहे थे। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की जल गंगा संवर्धन अभियान में समाज सेवी संगठनो, आम जनता, महाविद्यालय के विद्यार्थियों, सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीयों, गण मान्य नागरिकों को अनिवार्य रूप से सम्मिलित करते हुए कार्य किए जाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए की जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जगह-जगह जल संगोष्ठी की जाए, लोगों को जल का महत्व बताया जाए, जीर्ण शीर्ण तालाब, सरोवर, कुएं, बावड़ी, नाली की श्रमदान के माध्यम से उनकी मरम्मत कर सभी जल संरचनाओं को पुनः पुराने स्वरूप में लाया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की इस अभियान के अंतर्गत खेत तालाब पर भी विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए खेत तालाब का निर्माण किया जाए। सार्वजनिक स्थान पर प्याऊ की व्यवस्था की जाए।

रूफ हावेस्टिंग सिस्टम भी चिन्हित किए जाएं एवं बारिश का पानी रोकने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी जगह-जगह बनवाया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सिंचाई विभाग तालाब एवं अन्य जल स्रोतों में हुए अतिक्रमण को चिन्हित करें, प्रशासनिक अमला उस अतिक्रमण को प्राथमिकता से हटाते हुए वहां जल संरचनाओं के जीणोद्धार का कार्य करें एवं स्टॉप डैम जैसी जल संरचनाओं पर हो रहे अतिक्रमणों को भी प्राथमिकता से हटाया जाए। नहरो की साफ सफाई एवं मरम्मत का कार्य भी किये जाए। बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर्स ने बताया कि खेत तालाब पर प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। जल संरचनाओं के जीर्णोधार का कार्य जगह-जगह प्रारंभ है। सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था भी की जा रही है। जिला पंचायत में कंट्रोल रूम में बनाया गया है जहां पर प्रतिदिन जल संवर्धन के किए जाने कार्यों की जानकारी दर्ज की जा रही है। जिन जल संरचनाओं पर अतिक्रमण है वहां पर भी प्राथमिकता से अतिक्रमण हटाने का कार्य भी किया जा रहा है। बताया गया कि उद्यानिकी विभाग के सहयोग से उद्यानिकी पौधों को आरोपित भी किया जाएगा। रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम भी बनाए जा रहे हैं। नर्मदापुरम के कलेक्टर कार्यालय में आने वाले दिनों में मां नर्मदा पर चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। इसी तरह जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया जा रहे कार्यों की जानकारी की एंट्री भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जाए।

कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह पशुपालन विभाग की ईटीटी एवं ट्रिपल एक्स योजना को बढ़ावा दें। कमिश्नर ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से दुधारू पशुओं की संख्या बढ़ाई जा सकेगी, इससे पशुपालकों को अतिरिक्त लाभ होगा। उन्हें दूध की प्राप्ति होगी। पशुओं के नस्ल में भी सुधार होगा। आवारा पशु जो सड़कों पर विचरण करते हैं उससे भी आम लोगों को राहत की प्राप्ति होगी। पशुपालक दुधारू पशु को अपने पास रखेंगे, इससे निराश्रित पशुओं की समस्या में हल होगी। कमिश्नर ने निर्देश दिए की हरदा एवं नर्मदापुरम जिले में निराश्रित पशुओं की संख्या बहुत ज्यादा है, अतः ऐसे पशुओ को बैतूल की रिक्त पड़ी गौशाला में स्थानांतरित किया जाए। तिवारी ने बताया कि बैतूल में कई गौशालाए है जो 100 पशुओं का टारगेट पूरा नहीं करने पर बंद होने की कगार पर है। निराश्रित पशुओं को बैतूल की गौशालाओं में भेजा जाए।

कमिश्नर ने निर्देश दिए की हरदा एवं नर्मदापुरम जिले में नरवाई जलाने की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। अतः प्रशासन अब नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की मूंग एवं गेहूं की बजाय मक्का की फसल को प्रोत्साहित किया जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने बताया कि आगामी वर्ष में नर्मदापुरम जिले में अतिरिक्त रूप से 60 हजार हैक्टेयर में, हरदा जिले में 40 हजार हेक्टेयर एवं बैतूल जिले में 20 हजार हेक्टेयर में मक्का का रकबा बढ़ाया जाएगा।

### एसपी रोहित काशवानी ने थाने का किया निरीक्षण, कहा

## सायबर अपराध रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना शहर का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थानों की स्वच्छता एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आईएसओ मानकों की समीक्षा एवं ई एफआईआर के मामलों की त्वरित कार्रवाई को लेकर जोर दिया। मालखाना, हवालात व रजिस्टरों का गहन निरीक्षण किया। गश्त की नियमितता पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सायबर अपराधों की रोकथाम एवं जन-जागरूकता हेतु अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया।सीसीटीएनएस प्रणाली में डेटा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया। ऑपरेशन मुस्कान के तहत लापता बच्चों की दस्तयाबी के निर्देश दिए। वहीं माइक्रो बीट प्रणाली को सक्रिय बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

विशेष रूप से निरीक्षण के दौरान थाना बासौदा शहर प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह परमार सहित थाने का पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को जनसेवा को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने, अपराध नियंत्रण में तत्पर रहने और संवेदनशीलता के साथ आमजन से संवाद बनाए रखने का संदेश दिया।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित नर्मदापुरम ने अकृषि ऋण वितरण का कार्य प्रारंभ किया

**नर्मदापुरम।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, नर्मदापुरम द्वारा विगत 15 वर्षों से अकृषि ऋणों का वितरण बन्द कर दिया गया था। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक सुश्री सोनिया मीना के प्रयासों से बैंक द्वारा अकृषि ऋणों का वितरण पुनः प्रारम्भ किया जाकर आज दिनांक को श्री अमित जैन, विपणन अधिकारी को अकृषि ऋण योजना अन्तर्गत कार ऋण वितरण कर कार की चावी सौंपी गई। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपायुक्त सहकारिता भी उपस्थित रहे।

## कुपोषण का प्रबंधन पर आधारित अन्नप्राशन दिवस का आयोजन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगर के वार्ड क्रमांक 11 के केंद्र दो में पोषण अभियान अंतर्गत सातवे पोषण पखवाड़ा 2025 का दिनांक 8/4/025 से 22/4/025 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम आधारित थीम जीवन के प्रथम 1000दिवस केंद्रित गतिविधि एवम C-SAM समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन पर आधारित अन्नप्राशन दिवस का आयोजन कर 6 माह पूरे करने वाले बच्चो को आमंत्रित कर सामूहिक अन्नप्राशन किया गया।अन्नप्राशन में बच्चों को उपहार स्वरूप कटोरी चम्मच दी गई। हर्षिका पिता मुकेश यादव एवम चित्रलेखा पिता सूर्यकांत विश्वकर्मा को आमंत्रित कर रोली, फूल माला पहनाकर कर स्वागत कर अन्नप्राशन किया गया। और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा समझाइश दी गई की शिशु के 6 माह पूरे होने पर अब से अर्ध ठोस आहार के साथ साथ 2 साल तक स्तनपान करवाए। नियमित वजन, टीकाकरण करवाए।इस कार्यक्रम में श्रीमती माया यादव,श्रीमती निकिता विश्वकर्मा, श्रीमती माया विश्वकर्मा, एवम बच्चो में श्रीनिधि, नायरा, हर्षिता, शिवांश, दर्शिका आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जानकी रैकवार एवम आंगनवाड़ी सहायिका रीना लोधी उपस्थित रही।



## उपार्जन समिति के सभी अधिकारी फील्ड पर अधिक सक्रियता दिखाएं : कलेक्टर

**लापरवाही एवं अनियमितता करने पर उपार्जन केंद्रों पर की जाए कार्यवाही**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले में चल रही उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए उपार्जन समिति सदस्यों को सख्त रूप से निर्देशित किया है कि फील्ड में अधिक सक्रियता दिखाएं। उन्होंने उपार्जन समिति के अधिकारियों को निर्देश दिए की उपार्जन केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी निरीक्षण उपरांत पाई गई कमियों के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन संबंधित केंद्र से अवश्य प्राप्त करवाना सुनिश्चित करें।



कलेक्टर ने कहा कि किसी भी उपार्जन केंद्र पर अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित समिति अथवा समूह के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा सभी अधिकारी समय पर कार्रवाई करें और किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए।

गेहूं एवं चना उपार्जन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कुल उपार्जित स्कंध और रेडी टू ट्रांसपोर्ट स्कंध (RTT) के बीच कोई अंतर न हो। साथ ही उपार्जित स्कंध का शीघ्र परिवहन सुनिश्चित किया जाए ताकि भंडारण एवं भुगतान में कोई बाधा न आए।

उन्होंने निर्देश दिए की जिला उपार्जन समिति ऐसे केंद्रों जहां पर उपार्जित स्कंद के विरुद्ध रेडी टू ट्रांसपोर्ट स्कंद की मात्रा में अंतर ज्यादा हो उन्हे नोटिस जारी करे। साथ ही परिवहन एवं भुगतान की प्रक्रिया में और अधिक तेजी लाई जाए।

## 'बाबा साहब हम सबके' अभियान का आयोजन



**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर बाबा साहब हम सबके अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न समाजों के प्रमुख व्यक्तियों को बाबा साहब की तस्वीर भेंट कर उनके योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर अभाविप के जिला संयोजक शुभम् सिंह ठाकुर ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर न केवल एक महान विधिवेत्ता और संविधान निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक समरसता और समानता के प्रतीक हैं। उनके विचार आज भी युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। अभाविप सदैव ऐसे प्रेरणास्रोत महापुरुषों की स्मृति को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करती रही है और बाबा साहब हम सबके अभियान इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने गेहूं खरीदी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए व्यवस्थाएं न किए जाने का गंभीर मुद्दा उठाया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने सोमवार को माखन नगर क्षेत्र के गेहूं उपार्जन खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। महासंघ के पदाधिकारी केंद्रों पर पहुंचे और किसानों के लिए ठंडा पानी, बैठने के लिए छाया,जगह उपलब्ध कराने सहित अन्य सुविधा देने की बात कही। महासंघ के पदाधिकारियों ने कारपोरेशन की अधिकारी बीएम श्वेता पवार से मौके पर मुलाकात कर अव्यवस्था को लेकर शिकायत की और जल्द ही किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। महासंघ ने आदीदेव वेयरहाउस बुधवाड़ा , श्रीराधा कृष्ण वेयरहाउस काजलखेड़ी , बाबा वेयरहाउस गुर्जरवाड़ा , मां नर्मदा कृपा वेयरहाउस गुर्जरवाड़ा , आरती वेयरहाउस आंखमऊ आदि का निरीक्षण किया। इस मौके पर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा,बाबूलाल यादव, दशरथ मालवीय, सियालाल यादव, मनीष मीणा, नरेंद्र मालवीय मुकेश राणा एवं अन्य पदाधिकारी शामिल थे।



**मेट्रो एंकर**

### एससी एसटी एवं ओबीसी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# धूमधाम से मनाई भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

भारत रत्न महान विचारक सामाजिक समरसता के शिल्पकार संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की 134 जयंती का कार्यक्रम तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तारादेही में आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित हुए कार्यक्रम का आयोजन एससी-एसटी एवं ओबीसी के संयुक्त प्रावधान में किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई उपस्थित वक्ताओं द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर जी के बने हुए संविधान के बारे में जनमानस को अवगत कराया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम बाबा भीमराव अंबेडकर एवं महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिंह लोधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को बाबा साहब के विचारों का अनुसरण करना चाहिए विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रताप सिंह लोधी पूर्व विधायक ने कहा कि बाबा साहब के लिखे हुए संविधान को हम सभी को पढ़ना चाहिए ताकि हमारा समाज संवैधानिक अधिकारों को प्रति जागरूक हो सके जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं हम सभी को बाबा साहब के विचारों को अनुसरण करना चाहिए उनके सिद्धांत एवं आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देने वाले हैं प्रोफेसर डॉक्टर एन,आर,सुमन ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने हक अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्तम प्रसाद अहिरवार ने कार्यक्रम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एससी एसटी एवं ओबीसी के संयुक्त रूप से यह प्रथम बार कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें भारी संख्या में क्षेत्रवासीय एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिला इस प्रकार की आयोजन समाज को एक नई दिशा देते हैं आने वाले समय मे सभी कार्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित किए जाएंगे इस अवसर पर मुकेश राजा साहब, गुड्डा सिंह ठाकुर, देशराज ठाकुर सरपंच, दिनेश खरे सरपंच, योगेंद्र तेकाम, सरपंच, डॉ रमेश अहिरवार, केपी अहिरवार,रेवाराम अहिरवार संरक्षक, काशीराम अहिरवार, हेमलता, डॉ मनोज सुमन,भगवानदास, रामदास, परमलाल अहिरवार, डॉ राजेश अहिरवार, गनेश प्रसाद अहिरवार, संतोष भारती,प्रदीप अहिरवार, वृहदास, डॉ हीरालाल, लालसिंह, नंदराम, पी,एल अहिरवार, मट्टू, सन्नू, कन्नू, सेव,गिरजा, नरवद, कंधी, विनोद,डेलन, मोहन, सोनी लाल, बबलू अहिरवार, मानक, भागीरथ, मस्तराम, श्यामलाल, प्रसादी, गोपाल, शंकर, विजय सुमन, सुरकत, परमलाल, लखन लाल राम सिंह, सत्यपाल, चेतू, गणेशप्रसाद, हल्लू , गोपाल, लालसीग,परसादी,मनमोहन, सुग्रीम, राजकुमार शिवम, राजेंद्र सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी एवं एससी एसटी ओबीसी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### सामान्य सभा की बैठक में ज्यादातर विभागों के अधिकारी नदारद, सदस्यों का विरोध

# जनप्रतिनिधियों को अधिकांश विभाग प्रमुख नहीं देते तवज्जो !

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कार्रवाई के अधिकार नहीं होने से अफसर शाही के आगे जनप्रतिनिधि भी अब वेवास नजर आ रहे है। यहां समान्य सभा की बैठकों को भी हल्के में ले रहे हैं। बैठक में जाना भी उचित नहीं समझ रहे हैं। वहीं इनको यह लापरवाही महंगी पड़ती हुई दिखाई दे रही है बैठक में एक स्वर में निंदा प्रस्ताव उनके खिलाफ जनपद सदस्यों ने पास किया । जनपद सीईओ को ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई करने अधिकार नहीं है इस वजह से इनके हौसले और भी बुलंद है । जनपद सीईओ वंदना शर्मा के द्वारा इनके विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई लिए के लिए निंदा प्रस्ताव के साथ प्रतिवेदन बनाकर जिला पंचायत सीईओ को बैठक में गैरहाजिर रहने वाले विभाग प्रमुखों पर कार्रवाई के लिए लिखेंगी । मंगलवार को जनपद कार्यालय में हुई सामान्य सभा की महत्वपूर्ण बैठक में देखने को मिला इसमें जनपद अध्यक्ष, श्रीमती पुष्पा देवी हमीर सिंह उपाध्याय प्रीति राकेश शर्मा एवं जनपद सदस्य मौजूद थे ।वहीं जनपद सीईओ बंदना शर्मा के अलावा कुछ विभागों के अधिकारी कर्मचारी को छोड़कर बाकी विभाग प्रमुख पहुंचे ही नहीं इन्होंने बैठक में जाना उचित नहीं समझा जिसको लेकर जनपद सदस्य सदस्यों ने तीखी नाराजगी जाहिर करते हुए इनके खिलाफ कार्रवाई के लिए सामान्य सभा की बैठक में निंदा प्रस्ताव भी पारित करते हुए कहा कि बैठक में विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा होती है साल भर की कार्य योजना बनी थी इस महतो बैठक मैं शामिल नहीं होना जरूरी समझा ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी करवाई की जाए। जब यह बैठक में नहीं आ रहा है तो धरातल पर क्या कार्य करते होंगे । वहीं 2025 26 की कार्य योजना के संबंध में सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई थी बैठक में ही अधिकांश विभागों के अधिकारी शामिल नहीं हुए ऐसे विकास की कार्य योजना कैसे तैयार होगी जनपद सदस्य कलेक्टर सिंह यादव के साथ सदस्यों ने इन अधिकारियों पर कार्रवाई का प्रस्ताव रखा जिसको सभी ने सहमति से पास किया इसके अलावा एक साथ सभी चुनाव करवाने का प्रस्ताव भी उक्त बैठक में इन्होंने रखा जिनको सभी सदस्यों ने सर्व सहमति से पास करते हुए इस नियम को लागू करने का समर्थन किया बैठक में अमृत सरोवर तालाब का मामला भी उठाया गया और पूछा कि कितने तालाब में अभी पानी है इस पर जिम्मेदार अधिकारी कोई जानकारी और जवाब नहीं दे पाए जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा हमीर सिंह यादव की मौजूदगी में सामान्य सभा की बैठक आगामी वर्ष की कार्य योजना पर चर्चा करके कौन-कौन से कार्य करवाने उसके संबंध में चर्चा की गई । गर्मी को दृष्टि रखते हुए पानी को लेकर समीक्षा की गई इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा भी गई। जनपद सीईओ वंदना शर्मा ने पानी को लेकर विशेष इंतजाम करने निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए प्रधानमंत्री आवास की भी समीक्षा की । बैठक में मौजूद विभाग प्रमुख ने अपने अपने विभागों से संचालित योजनाओं के बारे में बताया। दूसरी ओर जिस उद्देश्य को लेकर सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई जिसमें जनपद सदस्यों विकास कार्यों से संबंधित द्वारा मुद्दे उठाते सभी विभागों से संचालित योजनाओं की जानकारी लेकर समीक्षा भी करते हैं। जब बैठक में अधिकारी आएंगे नहीं तो इन्हें जानकारी कैसे मिलेगी और उसके लाभ जनता को जन प्रतिनिधि कैसे दिला पाएंगे।सदस्यों ने विभागों के प्रति घोर व्यक्त की ।



**अधिकांश बैठक को में नहीं पहुंचते हैं विभागीय अधिकारी**

जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में कई बार विभागों के अनुपस्थित होने से जनपद सदस्यों ने अधिकारियों पर सीधा आरोप लगाया कि वह जब जनपद की सामान्य सभा जो जन सरोकार से जुड़ी बैठकों है। वह जनता के प्रति कितने जवाब देह होंगे वहीं जनपद सदस्य श्री कलेक्टर सिंह यादव द्वारा एक देश एक, चुनाव का प्रस्ताव जनपद की सामान्य सभा में लाया गया जिसको सभी सदस्यों ने तालियां और मेज बजा कर समर्थन किया। कलेक्टर यादव ने जनपद में कुल बने अमृत सरोवरों की जानकारी ली और पूछा कितने अमृत सरोवर में अभी पानी मौजूद है तो इस सवाल का जवाब भी अधिकारी कर्मचारी नहीं दे सकें।

**इनका कहना है**

मुझे कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है बैठक में नहीं आने वाले अधिकारियों के खिलाफ जनपद सदस्यों ने निंदा प्रस्ताव पास किया है उसके साथ में अपना कवरिंग लेटर लगाकर जिला पंचायत सीईओ को भेजेंगे।

-वंदना शर्मा जनपद सीईओ

## बाइक रोक कर लूट करने वाले, आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

10 अप्रैल की रात्रि में दस बजे के करीब लूट की घटना अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके लूट में गई मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है चार में से दो आरोपियों को भी पुलिस ने पकड़ लिया।घटना का खुलासा करते हुए एसडीओ की उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि फरियादी संजीव अहिरवार निवासी अयोध्या बस्ती शहजादपुर जोड पर लगे हैंडपंप पर अपनी मोटर साईकिल खडी करके पानी पीने लगा उसी दौरान प्रतीक्षालय में बैठे चार व्यक्ति जिन्हें वह नही जानता था एवं वहीं पर एक मोटर साईकिल खडी थी, जिसका नाम व नंबर वहां नही देख पाया, चारों व्यक्ति उसके पास आये और उससे थप्पड़ों से मारने लगे जिससे आंख के पास चोट लगी है एक व्यक्ति ने पैंट की जेब से OPPO COMPANY का मोबाईल जिसमें जियो कंपनी की सिम नंबर 9301474531 डली है, छीन लिया तथा एक व्यक्ति ने पैंट की दूसरी जेब में रखे 8,00/ रुपये जबरदस्ती निकाल लिए तथा मोटर साईकिल छीनकर ले गये । जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने , धारा 309( 6 ) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करके विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार आरोपी अजय एवं संजू को गिरफ्तार किया गया । आरोपी संजू उर्फ संजय पिता विजय वाल्मीक उम्र 21 साल निवासी भाऊ खेडी से घटना में लूटी गई मोटर सायकिल सीडी डीलक्स क्रमांक एमपी 40 एमएफ 2104 व आरोपी अजय पिता हीरालाल अहिरवार उम्र 26 साल निवासी ग्राम महोली थाना नटेरन से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक एमपी 40 एसडब्ल्यू 2559 को भी विधिवत रूप से जप्त किया गया । आरोपी द्वारा घटना प्रयुक्त मोटर साईकिल की रिपोर्ट थाना पथरिया में चोरी की रिपोर्ट लेख कराई थी । थाना पथरिया को कार्यवाही हेतु सूचित किया गया । प्रकरण में शेष आरोपी फरार है। उनकी तलाश की जा रही है ।

**सराहनीय भूमिका** – कार्रवाई में थाना प्रभारी संदीप कुमार पंवार ,उनियाल. राजेश दोहरे, प्र.आर. अमित मिश्रा आर. सुनील , आर.1 शशांक पाठक , आर. शिशुपाल दांगी इनकी भूमिका रही ।

### टीएल बैठक यानि आपसी समन्वय से सर्वोच्चता की प्राप्ति

## समय पर कार्यो का संपादन कर जिले की ख्याति में वृद्धि करें : कलेक्टर

**विदिशा , दोपहर मेट्रो**



नवागत कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागो के अधिकारियों से कहा कि सभी क्रियान्वित कार्यो, योजनाओं व कार्यक्रमों का समय पर सम्पादन कर जिले की ख्याति में वृद्धि करने के प्रयासो में कहीं कोई चूक ना करे। उन्होंने कहा है कि लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक का मतलब अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर सर्वोच्चता की प्राप्ति की सभी बाधाएं दूर करना है।

नवागत कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनो की विभागो के अधिकारियों से कहा है कि ए ग्रेड सूची में शामिल हो और समीक्षा से बचें। जो विभाग बी,सी एवं डी ग्रेडिंग सूची में शामिल रहेंगे। उन विभागो को विशेष पहल करनी होगी ताकि सीएम हेल्पलाइन की समीक्षाओं से बच सकें। ग्रेडिंग सूची में सुधार नहीं आने पर ऐसे विभागो के अधिकारियों को अवकाश दिवसो में भी समीक्षा बैठक में मौजूद रहना होगा। इसके बावजूद सुधार परलिक्षित नहीं हुआ तो दण्डनीय कार्यवाही के सहभागी बनेंगे। उन्होंने कहा कि एल वन स्तर के अधिकारी को हरेक सीएम हेल्पलाइन की समुचित जानकारी होनी चाहिए और वे स्वंय आवेदक से सम्पर्क कर शिकायत करने के क्या कारण है से अवगत होकर निराकरण की पहल करेंगे। ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जिला स्तर पर संभव नहीं है उन आवेदनो को सूची में कारणो सहित रेखांकित करेंगे। नवागत कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी एसडीएमो को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अनुविभाग स्तरीय ख्याति में गिरावट ना आए इसके लिए अन्य विभागो के कार्यक्रमो व योजनाओं के क्रियान्वयन में कसावट लाएं।

नवागत कलेक्टर श्री गुप्ता ने लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम के लाभांवित होने वाले हितग्राहियों की सूची प्रदर्शित की जाएगी इस कार्य में सभी विभागो के अधिकारी ग्रामवार लाभांवित होने वाले हितग्राहियों की जानकारियां उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने हितग्राहियों की जानकारियों की क्रास मानिटरिंग करने के लिए ग्रामवार पटवारियों सहित अन्य को जबावदेही सौंपने के निर्देश तहसीलदारो को दिए है।

नवागत कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत चिन्हित सहरिया जनजाति के नागरिको को शासन की मंशा के अनुसार जो सुविधाएं दी जानी है जिन योजनाओं से लाभांवित किया जाना है के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की चूक ना हो और समय पर उसका लाभ मिलें यह सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित विभाग के जिलाधिकारी का है। उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत अब तक विभागवार संपादित किए गए कार्यो की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया है कि योजना से पूर्व और योजना से लाभांवित होने के पश्चात् हितग्राही के जीवन में क्या परिवर्तन आया है कि जानकारी फोटोग्राफो के माध्यम से प्रदर्शित की जाए। वहीं सड़क मार्ग से लाभांवित होने वालो की संख्या सूचना पटल के माध्यम से प्रदर्शित की जाए। उन्होंने सहरिया जनजाति वर्ग के उत्थान हेतु संचालित योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए है। नवागत कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी हितग्राहियों की ईकेवायसी संबंधी कार्य युद्धगति से शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए है उन्होंने कहा कि ईकेवायसी के अभाव में हितग्राही योजना के लाभ से वंचित ना रहें यह नैतिक दायित्व हम सबका है। उन्होंने ग्रामवार कुल कितने नागरिक किन-किन योजनाओं से लाभांवित हुए है और उन सबकी ईकेवायसी हुई कि नहीं का परीक्षण कर ईकेवायसी कराने के कार्य संपादित किए जाएं। इस कार्य में राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग की भी मदद ली जाएं।

### सिंहपुर की बावड़ी में सफाई करने पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा

## जल संवर्धन अभियान में प्राचीन जलस्रोतों को संवारने किया जा रहा है परिश्रम









**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सरकार के द्वारा प्राचीन जल स्त्रोतों को पुनः जीवित करने के लिए जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।इसमें मंगलवार को विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों अधिकारियों कर्मचारियों के साथ सहभागिता करते हुए सिंहपुर की प्राचीन बावड़ी को संरक्षित करने का संकल्प लिया । वहीं सफाई नहीं होने से दिखाई नहीं देने वाली बावड़ी एक घंटे के शारीरिक परिश्रम से किए गए श्रमदान स कंटीली झाड़ियों और घास फूस में दबकर छुपी हुई बावड़ी साफ तौर पर दिखाई देने लगी। इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने भी कुल्हाड़ी चलाकर जंगली पेड़ो ओर घासफूस को साफ किया।

इससे पहले सोमवार को विधायक शर्मा ने स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ नगर की प्राचीन ओर ऐतिहासिक बावड़ियों का निरीक्षण करके देखरेख के अभाव में नष्ट हो रही इन ऐतिहासिक जल स्त्रोत के केंद्रों को संरक्षित करने के इनका उपयोग आम जनता के लिए हो। प्राचीन जल स्त्रोतों का जीर्णोद्वार कराने के लिए निर्देशित किया था। इनके ही निर्देश पर नगरपालिका परिषद के जनप्रतिनिधियों ने विधायक के नेतृत्व में इस अभियान परिश्रम करके साफ सफाई की।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,पार्षद हरिचरण अहिरवार,सचिन शर्मा,बलजीत यादव,टीकाराम शाक्य,अजमल शेर खान,राजू कुशवाह,संजू सोनी,धर्मेंद्र जैन,तहसीलदार संजय चौरसिया,एसडीओपी उमेश तिवारी,सीएमओ रामप्रकाश साहू,हेल्थ ऑफिसर धीरज मैना सहित नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## एरियर भुगतान की मांग : राज्य कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन

**ज्ञापन में एरियर, सातवें वेतनमान की अंतिम किस्त डीए एरियर, क्रमोन्नत वेतनमान के एरियर आदि मांगें**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



मंगलवार को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ इकाई ने अपनी मांगों के संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते हुए एरिया भुगतान सहित अपनी विभिन्न मांगे रखते हुए कहा कि लंबे समय से हम लोग अपनी मांगों के लिए मांग करते आ रहे हैं पर उनको अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है। जबकि सभी तहसीलों मे एरियर की राशि जारी हो चुकी है यहां पर नहीं हो रही है जिसको तत्काल जारी किया जाए इसके अलावा इन्होंने सातवें वेतनमान की अंतिम किस्त महंगाई भत्ते के एरियर क्रमोन्नत वेतनमान के एरियर कोर्ट जाने वाले शिक्षकों का वेतनमान व अन्य समस्याओं का निराकरण के वेतन निर्धारण सहित मांगे की है। इस दौरान अशोक शर्मा, संतोष कुमार द्विवेदी,महेश कोली, पूर्णानंद चतुर्वेदी, ललित कांत चौरसिया, विनोद शाक्य, रामसेवक शर्मा, नवल शर्मा ,नवल मालवीय, ध्रुव शर्मा, अजय सेन, सीपी साहू,महेश साहू, नंदलाल भावसार, रामदयाल चिढ़ार,राजेश भार्गव, अमर सिंह बघेल, कमल सिंह यादव ,चंद्रप्रकाश चौरसिया, देवेंद्र जाट ,दिनेश साहू, शाहिद शाह, सुनील राठौर, संतोष जैन, माधो प्रसाद पंथी,भगत सिंह रघुवंशी ,अशोक मालवीय, विनोद नामदेव आदि उपस्थित रहे ।

## तीन दिनों के अवकाश के बाद खुली मंडी रिकॉर्ड तोड़ 20 हजार बोरों की आवक, प्रशासन रहा अलर्ट

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



मंगलवार को तीन दिनों की छुट्टियों के बाद मंडी में कामकाज हुआ इसके चलते भारी आवक मंडी में देखने को मिली एक दिन पहले से किसान अपनी ट्रैक्टर ट्रालियों मैं फसल लेकर विक्रय करने के लिए पहुंच गए थे। वहीं फसलों के दाम गिरने से कई किसान अपनी फसलों को वापस ले जाते हुए नजर आए दूसरी ओर भरी आवाक को देखते हुए एसडीएम हर्षल चौधरी,एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी ने ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए यातायात पलिस के साथ चौकीदार और मंडी के स्टाफ को भी दौड़ दौड़ा इसके अलावा यातायात प्रभारी रितेश वाघेल ने अंग्रेजी शराब दुकान के आगे और बसस्टैंड पर पॉइंट लगा दिया और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी इसके परिणाम स्वरुपों मंडी बाईपास रोड पर आवक को देखते हुए जाम के हालात निर्मित नहीं हुएं।

### इंडियन प्रीमियर लीग का 32वां मैच : हेड टु हेड में एक मैच का फर्क

# आज दिल्ली और राजस्थान का मैच, डीसी के खिलाफ 10 साल से नहीं जीती आरआर

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 32वें मैच में आज दिल्ली कैपिटल्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। मैच दिल्ली के घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।

दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन अब तक 5 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 4 में जीत दर्ज की है और टीम 8 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, राजस्थान रॉयल्स अब तक 6 मैच खेले हैं, जिसमें से 2 मैच जीते हैं और वो पॉइंट्स टेबल में 4 अंकों के साथ आठवें नंबर पर मौजूद हैं।

राजस्थान और दिल्ली के बीच आईपीएल में अब तक 29 मुकाबले खेले गए। दिल्ली ने 14 और राजस्थान ने 15 जीते। दिल्ली के होम ग्राउंड अरुण जेटली स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच अब तक 9 मैच खेले गए। डीसी को 6 और आरआर को 3 में जीत मिली। दोनों टीमें यहां आखिरी बार पिछले सीजन में भिड़ी थीं। तब दिल्ली को जीत मिली थी। राजस्थान ने यहां आखिरी मैच 2015 में जीता था। उसके बाद तीन मैच खेले गए और तीनों दिल्ली ने जीते।





### सैमसन राजस्थान के टॉप स्कोरर

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 6 मैचों में 193 रन बनाए हैं। इसमें एक अर्धशतक शामिल है। गेंदबाज वनिंदु हसरंगा टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने अपने 4 मैचों में कुल 6 विकेट लिए है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में 35 रन देकर 4 विकेट हासिल किए थे। अरुण जेटली स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन होगी। यहां ढ्ढक्कमें अब तक कुल 90 मुकाबले खेले गए। इसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 43 मैच तो चेज करने वाली टीम ने 46 मुकाबले जीते। एक मुकाबला बेनतीजा भी रहा। मैच वाले दिन दिल्ली में काफी गर्मी रहेगी। बारिश की बिल्कुल उम्मीद नहीं है। 16 अप्रैल को यहां का तापमान 27 से 39 डिग्री सेल्सियस रहेगा। हवा की रफ्तार 7 किमी प्रति घंटा रहेगी।

### राहुल ने सबसे ज्यादा रन बनाए

दिल्ली कैपिटल्स के लिए केएल राहुल ने सबसे ज्यादा 200 रन बनाए हैं। वहीं, दिल्ली के गेंदबाज कुलदीप यादव टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज है। उन्होंने 5 मैचों में 10 विकेट लिए। उनके बाद मिचेल स्टार्क ने 5 मैचों में 9 विकेट लिए है।

### पॉसिबल प्लेइंग-12

दिल्ली कैपिटल्स- अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, जैक फ्रेजर मैगर्क, केएल राहुल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, करुण नायर।

**राजस्थान रॉयल्स-** संजू सैमसन (कप्तान व विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, नीतीश राणा, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, वनिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर, महिश तीक्षणा, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, कुमार कार्तिकेय।

## पंजाब ने रचा इतिहास, 111 रन डिफेंड किए : केकेआर को 95 पर समेटा

**मुल्लांपुर।** कोलकाता से रघुवंशी ने 37 रन बनाए। रसेल और रहाणे 17-17 रन बनाकर आउट हुए। हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए। वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन को 2-2 विकेट मिले। पंजाब से पहले 2009 में चेन्नई सुपर किंग्स ने 116 रन डिफेंड किए थे। तब सीएसके के सामने पंजाब 92 रन ही बना सका था। मिडिल ओवर्स में बॉलिंग करने आए युजवेंद्र चहल ने 4 विकेट लिए। उन्होंने शुरुआती 3 ओवर में ही ये विकेट झटक लिए थे। चहल ने अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह को पवेलियन भेजा। चहल की बॉलिंग से ही पंजाब ने मैच में वापसी की और जीत भी दर्ज कर ली। मिडिल ओवर्स में बॉलिंग करने आए मैक्सवेल ने 2 ओवर में महज 5 रन खर्च किए। उन्होंने वेंकटेश अय्यर का विकेट लिया और कोलकाता पर दबाव बढ़ाया। सेकेंड स्पेल में बॉलिंग करने आए अर्शदीप ने 3 ओवर में महज 11 रन दिए। उन्होंने पारी का 15वां ओवर विकेट मेडन फेंका। अर्शदीप ने ही कोलकाता का 9वां विकेट लिया और वैभव अरोड़ा को कैच कराया। नई गेंद से बॉलिंग करने आए यानसन ने पहले ओवर में नरेन को बोल्ड किया। उन्होंने फिर हर्षित राणा को भी बोल्ड किया और कोलकाता पर दबाव बनाया। यानसन ने 16वें ओवर में फिर आंद्रे रसेल को बोल्ड किया और अपनी टीम को जिता दिया। कोलकाता से बॉलर्स ही फाइट दिखा सके। हर्षित राणा ने पावरप्ले में 3 विकेट लेकर पंजाब को बैकफुट पर धकेल दिया था। उन्होंने प्रियांश आर्या, प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर को पवेलियन भेजा। बॉलिंग में वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन ने उनका साथ दिया, लेकिन बैटिंग में खराब प्रदर्शन से टीम को हार मिली। 112 रन के टारगेट के सामने कोलकाता ने 62 रन पर 2 ही विकेट गंवाए थे। यहां 8वें ओवर में युजवेंद्र चहल ने अजिंक्य रहाणे को एलबीडब्ल्यू कर दिया। रहाणे ने रिव्यू नहीं लिया, अगर वे ष्ठक्रस् लेते तो बच जाते। रहाणे के विकेट से टीम ने 17 रन बनाने में 6 और विकेट गंवा दिए। टीम का स्कोर 79 रन पर 8 विकेट हो गया। यहीं से कोलकाता बिखर गई। लखनऊ के निकोलस पूरन 357 रन बनाकर टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं। चेन्नई के नूर अहमद 12 विकेट लेकर टॉप विकेट टेकर हैं। टूर्नामेंट में चौथी जीत के साथ पंजाब किंग्स ने पॉइंट्स टेबल के टॉप-4 में एंट्री कर ली। दूसरी ओर कोलकाता अब भी छठे नंबर पर है। पंजाब किंग्स ने टूर्नामेंट का सबसे छोटा स्कोर डिफेंड किया।

### 2028 ओलिंपिक

## पोमोना फेयर ग्राउंड में अस्थाई वेन्यू पर खेला जाएगा



### क्रिकेट : 128 साल बाद वापसी; 1900 ओलिंपिक में पहली बार खेला था

**नईदिल्ली, एजेंसी**

2028 लॉज एंजिल्स में आयोजित ओलिंपिक गेम्स में रि केट का आयोजन दक्षिणी कैलिफोर्निया के पोमोना में फेयर ग्राउंड में खेला जाएगा। इसके लिए यहां पर अस्थायी तौर पर क्रिकेट स्टेडियम तैयार किया जाएगा। मंगलवार को आयोजन समिति ने इसकी घोषणा की। पोमोना में फेयरग्राउंड, जिसे फेयरप्लेक्स के रूप में जाना जाता है। यह लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किमी पूर्व में है। यह 500 एकड़ का इवेंट कॉम्प्लेक्स है, जिसने साल 1922 से लॉस एंजिल्स काउंटी फेयर की मेजबानी की है। वेन्यू कॉन्सर्ट, ट्रेड शो, स्पोर्ट्स और कल्चरल इवेंट के लिए जाना जाता है। यहां पूरे साल इवेंट आयोजित होते रहते हैं। ओलिंपिक गेम्स 2028 में रि केट के मेंस और विमेंस दोनों ही कैटेगरी में कुल 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी। इसका ऐलान इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी पहले ही कर चुकी है। दोनों कैटेगरी में सभी छह टीमें अपने-अपने स्क्वॉड में 15 मेंबर्स चुन सकती हैं। ओलिंपिक में क्रिकेट को पिछले साल शामिल किया गया था। इसमें क्रिकेट के टी-20 फॉर्मेट को चुना गया है। ओलिंपिक में क्रिकेट केवल एक बार शामिल हुआ था। ओलिंपिक में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी होगी। इससे पहले क्रिकेट 1900 के पेरिस ओलिंपिक में शामिल हुआ था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस की टीमों ने इसमें हिस्सा लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर मेडल जीता था। दोनों टीमों के बीच केवल एक ही मैच खेला था और इसी मैच को फाइनल घोषित कर दिया था। पिछले साल यूएसए और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान न्यूयॉर्क में भारत-पाक का मैच खेला गया था। इसके लिए पॉप-अप स्टेडियम बनाया गया था। इसके अलावा लॉडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड स्टेडियम और टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में भी वर्ल्ड कप के मैच खेले गए थे। अभी तक 2028 ओलिंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रोसेस के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में अमेरिका का खेलना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें मेजबान कोटे का फायदा मिलेगा। इसका मतलब होगा कि अमेरिका के अलावा पांच और टीमें हिस्सा ले सकेंगी और उन्हें क्वालिफिकेशन प्रोसेस से गुजरना होगा।

## महिला फुटबॉल सुपर लीग के मुकाबले में एला के दो गोल से एवर्टन को 4-1 से शिकस्त दी

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

स्टार खिलाड़ी एला टून के दो गोल से मैनचेस्टर यूनाइटेड में खेले गए महिला सुपर-लीग मुकाबले में एवर्टन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। पिछले मैच में हारने वाली मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जोरदार वापसी की। एला टून ने मैच के 60वें और 65वें मिनट में गोल करके एवर्टन को चौंका दिया। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने सभी चार गोल मैच के दूसरे हाफ में दागे। मिली टर्नर ने 57वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड को बराबरी दिलाई। वहीं, मैच खत्म होने से कुछ सेकेंड पहले लीह गाल्टन (90वें) ने गोल किया।



## सीनियर नेशनल हॉकी में पहली बार मप्र टीम बनी उपविजेता

**झांसी, एजेंसी**

15वीं हॉकी इण्डिया सीनियर मेन नेशनल चैम्पियनशिप 2025 डिवीजन-ए का आयोजन झांसी (उ.प्र.) में किया गया। झांसी (उ.प्र.) में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में आज फायनल में मध्यप्रदेश पुरूष हॉकी और पंजाब की टीम के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें मध्यप्रदेश हॉकी टीम को पंजाब से 1-4 के अंतर से परास्त होकर उपविजेता बनी। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश टीम द्वारा फायनल मुकाबले में सभी हॉकी खिलाड़ियों के खेल की सराहना करते उपविजेता बनने पर दी बधाई। उन्होंने मध्यप्रदेश हॉकी टीम के युवा खिलाड़ियों की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होनें सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई दी है। उल्लेखनीय है म.प्र. की टीम पहली बार सीनियर नेशनल के फायनल मुकाबले में पहुंची थी। 28वें मिनिट में पेनाल्टी कार्नर से प्रताप लाकरा ने पहला गोल किया।



पंजाब टीम की ओर से 1. 30वें मिनिट में जुगराज सिंह ने पेनाल्टी कार्नर कर पहला गोल किया। 38वें मिनिट में जसकरण सिंह ने फील्ड गोल किया। 46वें मिनिट में गुरिंदर सिंह ने फील्ड गोल किया। 49वें मिनिट में जुगराज सिंह ने पेनाल्टी कार्नर से गोल किया।

**मप्र टीम के खिलाड़ियों के नाम:** श्रेयश धुपे, सद्दाम अहमद, लव कुमार कनोजिया, सुंदरम सिंह रजावत, अली अहमद, युसुफ अफ्फान, गौरव भगतानी, प्रमोद, अक्षय दुबे, मोहित कर्मा, अंकित पाल, अर्जुन शर्मा, मो. जैद, नियाज रहीम प्रताप लकरा, वैभव कुशलानी, संजय, मो. जमीर। बता दें पहला मैच 8 अप्रैल मध्यप्रदेश विरूद्ध हॉकी एसोसिएशन उडीसा स्कोर 3-2 मध्यप्रदेश विजेता। दूसरा मैच 10 अप्रैल मध्यप्रदेश विरूद्ध पंजाब स्कोर 3-2 मध्यप्रदेश विजेता। तीसरा मैच 12 अप्रैल क्वार्टर फायनल मुकाबला मध्यप्रदेश विरूद्ध पंजाब स्कोर 4-2 मध्यप्रदेश विजेता। सेमीफायनल मुकाबला 13 अप्रैल मध्यप्रदेश विरूद्ध मणिपुर स्कोर 5-3 मध्यप्रदेश विजता। फायनल मुकाबला 15 अप्रैल मध्यप्रदेश विरूद्ध पंजाब स्कोर 1-4 पंजाब विजेता।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**



## प्रैंक : किसी ने फोन चुराकर भेजा मैरिज प्रपोजल भेजा तो किसी ने डरा दिया

कई मौकों पर स्टार्स ने अपने को-एक्टर्स के साथ प्रैंक किया है और उन्हें बेवकूफ बनाया है. इस लिस्ट में सबसे पहला नाम खिलाड़ी एक्टर अक्षय कुमार का है, जिन्होंने एक बार नहीं बल्कि कई बार अपने दोस्तों के साथ मस्खरी की है. अक्षय कुमार ने 'जॉली एलएलबी 2' में हुमा कुरैशी के साथ काम किया है. ऐसे में अक्षय ने उनके साथ एक बार गजब का प्रैंक कर डाला. अक्षय ने हुमा का फोन चुरा लिया और कई बॉलीवुड स्टार्स को मैरिज प्रपोजल भेज दिए. जब हुमा को ये बात पता चली तो उन्हें बहुत बुरा लगा और उन्होंने सभी को मैसेज भेजकर बात साफ की. इस बात का खुलासा खुद एक्ट्रेस ने 'द कपिल शर्मा शो' में किया था. मस्खरी करने के मामले में अजय देवगन भी पीछे नहीं हैं. एक्टर ने 'सन ऑफ सरदार' के सेट पर को-स्टार्स को लाल मिर्च पाउडर का पेस्ट गाजर का हलवा बोलकर पेश कर दिया था. इस बात का खुलासा खुद अजय के सन ऑफ सरदार के को-एक्टर अर्जन बाजवा ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए किया था.

**आमिर खान ने जला दिए थे फातिमा के बाल:** प्रैंक करने वाले एक्टर्स की इस लिस्ट में आमिर खान का नाम भी शामिल है. 'दंगल' के सेट पर जब फातिमा सना शेख बोर्ड गेम खेल रही थीं तो आमिर उनके पीछे कॉफी का कप लेकर बैठे थे. हालांकि ये कप खाली था लेकिन आमिर ने फातिमा को ये कहकर डरा दिया था कि उन्होंने उनके बाल जला दिए हैं. ये सुनकर फातिमा डर गई थीं और चिल्लाने भी लगी थीं.

## रणदीप हुड्डा ने 'रंग दे बसंती' का ठुकराया था ऑफर

रणदीप हुड्डा इन दिनों फिल्म जाट को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनके विलेन के किरदार को काफी पसंद किया जा रहा है। इसी बीच रणदीप ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि अपने फिल्मी करियर में उन्होंने कई ऐसे फैसला लिए था, जिसका पछतावा उन्हें आज भी है। उन्होंने माना कि शायद उन्हीं फैसलों की वजह से उनका करियर वो ऊंचाइयां नहीं छू पाया, जो छू सकता था। शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में रणदीप हुड्डा पूछा गया कि क्या उन्होंने घमंड के कारण कभी कोई फिल्में गंवाई हैं? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि उन्होंने रंग दे बसंती जैसी बड़ी फिल्म को ठुकरा दिया था। रणदीप ने कहा, 'मुझे फिल्म में भगत सिंह का रोल ऑफर हुआ था। मैंने ऑडिशन भी दिया था और उन्हें मेरा काम पसंद आया था। राकेश ओमप्रकाश मेहरा मुझसे कई बार मिलने आते थे। फिल्म के डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा कभी-कभी नशे में गाड़ी चलाते हुए मेरे पास आते थे और मुझसे कहते थे कर ले, कर ले फिक्र कर ले कहते थे।' रणदीप की मानें तो वो रंग दे बसंती फिल्म करना चाहते थे, लेकिन उस समय फिल्म इंडस्ट्री में वह केवल दो लोगों को ही जानते थे। अपनी उस वक्त की गर्लफ्रेंड और निर्देशक राम गोपाल वर्मा को।रणदीप ने बताया कि उनकी गर्लफ्रेंड को इस फिल्म में कोई दिलचस्पी नहीं थी और उसने उन्हें सलाह दी कि इतना छोटा रोल नहीं करना चाहिए।

## शादी के बाद प्रियंका और चचेरी बहन परिणीति के रिश्ते में आई दरार!





प्रियंका चोपड़ा और उनकी चचेरी बहन परिणीति चोपड़ा के रिश्ते को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। दोनों एक शहर में होने के बावजूद भी एक दूसरे से नहीं मिले। जिसके बाद उनके रिश्ते में खटास होने की अफवाहों को हवा मिल गई है। पिछले दिनों भारत आई हुई थी। मन्नारा की बर्थडे पार्टी में प्रियंका अपने पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ शामिल हुई। लेकिन इन सब के बीच एक चीज मिसिंग दिखी। वो थी उनकी बहन परिणीति चोपड़ा। जी हां मन्नारा की बर्थडे पार्टी में प्रियंका की कजिन बहन परिणीति चोपड़ा नहीं दिखी। पार्टी में परिणीति के ना होने ने कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या चोपड़ा बहनों के बीच सबकुछ ठीक चल रहा है? बता दें कि बिना किसी खास वजह के प्रियंका चोपड़ा अपनी बहन परिणीति चोपड़ा की शादी में शामिल नहीं हुई थी। तब से अपवाहें चल रही है कि बॉलीवुड की दोनों बहनों के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है।

**परिणीति को नहीं दिया इन्विटेशन:** मन्नारा चोपड़ा ने अपनी बर्थडे पार्टी में परिणीति को नहीं बुलाया। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो सूत्रों के अनुसार मन्नारा प्रियंका के बहुत करीब है। वह उन्हें अपना इंस्पिरेशन मानती है। अफवाहें है कि प्रियंका चोपड़ा की वजह से उन्होंने परिणीति को पार्टी में नहीं बुलाया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मन्नारा और परिणीति भी उतनी करीबी चचेरी बहनें नहीं है, जितनी वह प्रियंका के साथ हैं, प्रियंका चोपड़ा सबसे बड़ी होने के कारण अपनी सभी बहनों और परिवार के सदस्यों के साथ एक अच्छा रिश्ता रखती हैं। यह भी कहा जाता है कि प्रियंका और परी दोनों के बीच बहुत अच्छी दोस्ती है। शादी के बाद से उनकी मुलाकात नहीं हुई है और इसका एक कारण परिणीति का अपनी फिल्म चमकीला के प्रमोशन में व्यस्त होना भी हो सकता है।



**मेट्रो बाजार**

## ऑनलाइन फ्रॉड पर लगाम लगाएगा रिजर्व बैंक का डिजिटा

**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआई जल्द ही डिजिटल इंडिया ट्रस्ट एजेंसी का ऐलान कर सकता है. इसके बाद सिर्फ वही एप चल पाएंगे, जिनके पास डिजिटा का वेरिफिकेशन होगा. ऑनलाइन फ्रॉड पर रोकथाम के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया डिजिटल इंडिया ट्रस्ट एजेंसी की स्थापना करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है. डिजिटा देश में बढ़ते कर्ज देने वाले अवैध एप पर रोकथाम करेगी. इससे फर्जी एप की धरपकड़ और डिजिटल फ्रॉड पर रोकथाम भी आसान हो जाएगी. साथ ही गूगल प्ले स्टोर पर भी ऐसे एप नहीं दिखेंगे. डिजिटा को फाइनेंशियल क्राइम पर रोकथाम के लिए लाया जा रहा है. जानकारी के अनुसार, यह डिजिटल वर्ल्ड में अवैध एप की जांच पड़ताल करेगा. वित्तीय जगत में जिन एप के पास डिजिटा के वेरिफिकेशन नहीं होगा उन्हें अवैध माना जाएगा. यदि कंपनियों को फाइनेंशियल सेक्टर में काम करना है तो उन्हें डिजिटा से अपने एप की जांच करवाने होगी. यह एजेंसी एप की जांच करने के बाद आरबीआई को रिपोर्ट देगी. साथ ही ग्राहकों को सही एप पहचानने में डिजिटा से मदद मिलेगी।



**सही और गलत एप की पहचान हो जाएगी आसान :** डिजिटा वेरिफिकेशन के जरिए डिजिटल वर्ल्ड में सही और गलत एप की पहचान बहुत आसान हो जाएगी. साथ ही डिजिटल लोन सेक्टर में भी पारदर्शिता भी आएगी. पिछले कुछ सालों में फाइनेंशियल सेक्टर में डिजिटल लोन का हिस्सा तेजी से बड़ा है. मगर, इसके चलते डिजिटल फर्जीवाड़ा भी तेजी से बड़ा है. लोग ऐसे फर्जी लोन एप के चक्कर में फंसकर बहुत परेशान हुए हैं. पुलिस के पास भी इन मामलों की संख्या बड़ी है।

## यूरोपीय देशों में निर्यात 10 तो आयात 9.5 फीसदी बढ़ा

**नईदिल्ली,एजेंसी।** स्वीडन के साथ भारत ने करीब 269 करोड़ डॉलर का कारोबार किया, इसमें से 96.16 करोड़ डॉलर का निर्यात और 173 करोड़ डॉलर का आयात शामिल है। इसके बाद फिनलैंड के साथ भारत ने 202 करोड़ डॉलर का कारोबार किया। यूरोप के नॉर्डिक-बाल्टिक देशों के समूह के साथ भारत का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। निर्यात में 10.16 फीसदी, जबकि आयात में 9.5 फीसदी की वृद्धि हुई है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के मुताबिक, इन देशों से भारत का आयात 540 करोड़ डॉलर पार हो गया। वहीं, स्वीडन इन देशों के समूह में भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बन गया है। स्वीडन के साथ भारत ने करीब 269 करोड़ डॉलर का कारोबार किया, इसमें से 96.16 करोड़ डॉलर का निर्यात और 173 करोड़ डॉलर का आयात शामिल है। इसके बाद फिनलैंड के साथ भारत ने 202 करोड़ डॉलर का कारोबार किया। नॉर्डिक देशों में शामिल डेनमार्क और नॉर्वे के साथ भी भारत के द्विपक्षीय कारोबार में खासी बढ़ोतरी हुई है। डेनमार्क के साथ भारत का द्विपक्षीय कारोबार 168 करोड़ डॉलर व नॉर्वे के साथ 150 करोड़ डॉलर रहा है। वहीं, इस दौरान आइसलैंड के साथ 1.5 करोड़ डॉलर का द्विपक्षीय कारोबार हुआ है। बाल्टिक देशो में 47.2 करोड़ डॉलर के कारोबार के साथ लिथुआनिया सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बनकर उभरा है। इसमें से भारत ने 35.7 करोड़ डॉलर का निर्यात और 11.4 करोड़ डॉलर का आयात किया है।

## आठवीं की छात्रा ने जहर खाने के बाद लगाई फांसी



**भोपाल।** सूखी सेवनिया में रहने वाली आठवीं कक्षा की एक छात्रा ने पहले जहर खाया और उसके बाद फांसी लगा ली। परिजन की नजर पड़ी तो उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आठवीं कक्षा में उसके कम नंबर आए थे, जिसको लेकर परिजनों ने उसे पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कही थी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। जानकारी के अनुसार सूखी सेवनिया थानांतर्गत ग्राम ओमकारा सेवनिया में रहने वाली उमा यादव पुत्री रामस्वरूप (15) ने इस साल आठवीं कक्षा की परीक्षा दी थी।निजी अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम पिछले दिनों उसका रिजल्ट घोषित हुआ तो कम नंबर मिले थे। इसको लेकर परिजनों ने उसे पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की बात कही थी। कम नंबर आने से उमा भी काफी दुखी थी। दो दिन पहले उसने घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया और बाद में बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली। परिजन की नजर पड़ी तो उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए अयोध्या नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां मंगलवार को उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है।

## आग से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

**भोपाल।** गौतम नगर थाने के सामने खुद को आग लगाने वाले युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भोलेनाथ कालोनी टीला जमालपुरा निवासी सूरज वंशकार (25) का अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। बीती ग्यारह अप्रैल को पत्नी उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने के लिए गौतम नगर थाने पहुंची थी। वह भी पत्नी के पीछे गौतम नगर थाने पहुंच गया और थाने के सामने ही उसने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह आग बुझाई और उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। चार दिनों तक इलाज के बाद मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## 13 साल की किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित अब्बास नगर में 13 साल की किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसके मुंह से झाग निकलने के कारण अनुमान है कि उसने कोई जहरीला पदाथ पी लिया है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सोंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार शिफा खान पिता रिजवान खान (13) अब्बास नगर, गांधी नगर में रहती थी। वह स्कूली छात्रा था। परिजन ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह शिफा खान की तबीयत बिगड़ने पर वह उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



### भोपाल के स्टेशनों पर यात्रियों का सामान लगातार हो रहा चोरी

# अब फिर रेलवे स्टेशन से 4 लोगों के 90 हजार रुपए के मोबाइल हुए चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी के भोपाल और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का सामान लगातार चोरी हो रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चार लोगों की जेब से 90 हजार रुपए कीमत के मोबाइल फोन चोरी हो गए। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मयूर विहार कालोनी में रहने वाले मोहम्मद नदीम अपने दोस्त को सोमनाथ एक्सप्रेस के जनरल कोच में बिठाने के लिए भोपाल स्टेशन पहुंचे थे। इटारसी छोर पर ट्रेन में दोस्त को बिठाने के दौरान किसी ने उनके लोवर की जेब में रखा मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 40 हजार रुपए बताई गई है। इधर ग्वालियर निवासी रेखा कुशवाहा महिला सुपरवाइजर का पेपर देने के लिए भोपाल आई थी। वापस जाने के लिए वह रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंची। जनरल टिकट लेने के बाद वह अपने भाई के साथ ओवर ब्रिज पर लगी बेंच पर बैठी हुई थी। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन बगल में रख दिया था। कुछ देर बाद देखा तो बेंच पर रखा उनका मोबाइल गायब हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 14 हजार रुपए बताई गई है। पैंट की जेब में रखे मोबाइल चोरी भोपाल निवासी मंजीत वासुदेव बीना जाने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। प्लेटफार्म तीन पर भीड़भाड़ ज्यादा होने के कारण उन्होंने अपना मोबाइल पैंट की आगे वाली जेब में रख लिया था।

कुछ देर बाद देखा तो जेब में रखा उनका 20 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। इसी प्रकार भोपाल निवासी साबिर खान अपनी पत्नी के साथ मंडी बामोरा जाने के लिए भोपाल स्टेशन पहुंचे थे। प्लेटफार्म क्रमांक तीन पर मेमो एक्सप्रेस में चढऩे के दौरान किसी ने उनकी पैंट की जेब में रखा मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए बताई गई है। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## किराए पर कार लेकर हड़पी, पुलिस ने दर्ज किया केस, जांच शुरू

**भोपाल।** अयोध्या नगर पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर आरोपी युवक के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने फर्जी कागजात के आधार पर कार किराए पर ली थी। वह कार को जबलपुर में बेचने के प्रयास में पकड़ा गया, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। जानकारी के अनुसार रिक्की खलको (24) अयोद्या नगर बायपास मार्ग पर ट्रैवल्स चलाती हैं। पिछले दिनों उनके यहां अटैच एक कार यश शुक्ला नामक युवक किराए पर लेकर गया था। वह कार लेकर जबलपुर पहुंचा और उसे सस्ते दामों पर बेचने का प्रयास करने लगा। इसकी भनक लगते ही स्थानीय क्राइम ब्रांच ने यश शुक्ला और उसके दो अन्य साथियों को दबोच लिया। रिक्की को पता चला तो उन्होंने थाने जाकर यश शुक्ला के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज करवाया।

## लैपटॉप और मोबाइल समेत हजारों रुपयों का सामान चोरी

**भोपाल।** पिपलानी में रहने वाले एक युवक के खुले कमरे से चोर लैपटॉप समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। इधर सफर के दौरान भी यात्रियों के लैपटाप और मोबाइल फोन समेत हजारों का सामान चोरी चला गया। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पिपलानी थानांतर्गत कमला नगर में रहने वाला राजेश के कमरे की कुंदी खोलकर भीतर घुसे बदमाश एक लैपटाप और एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत 46 हजार रुपए बताई गई है। इसी थानांतर्गत खजूरीकला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का ताला तोड़कर चोर सीपीओ, मानीटर, कीबोर्ड और कूलर समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने डॉक्टर हर्षिता सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर प्रयागराज उत्तर प्रदेश निवासी प्रद्युम्न मिश्रा कामायनी एक्सप्रेस से भोपाल आए थे। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर उन्होंने अपना सामान रखा और सूटकेस खोलकर ब्रश निकालने लगे। इसी बीच किसी ने उनका लैपटाप वाला बैग चोरी कर लिया। चोरी गए बैग में एक लैपटाप, जेब्रा हेडफोन, लैपटाप चार्जर, मोबाईल चार्जर, कालेज आईडी, एटीएम कार्ड समेत करीब 35 हजार का सामान रखा हुआ था। इसी प्रकार बालमुकुंद साहू जनरल कोच में बैठकर भोपाल से उज्जैन की यात्रा कर रहे थे। प्लेटफार्म क्रमांक 5 पर ट्रेन में चढऩे के दौरान किसी ने उनके लोवर की जेब में रखा मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 16 हजार रुपए बताई गई है। जीआरपी ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# दिनदहाड़े चोरी करने वाले 2 लोगों को पुलिस की टीम ने किया गिरफ्तार

**लाखों रुपये का माल बरामद, तीसरे साथी की तलाश**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

सूने मकानों की रैकी करने के बाद दिनदहाड़े चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को रातीबड़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात समेत लाखों रुपये का माल बरामद किया गया है। वारदात में शामिल तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है। जानकारी के अनुसार नीलेश त्यागी (40) ग्राम सिकंदराबाद में रहते हैं और सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड की नौकरी करते हैं।

बीती 29 मार्च को दोपहर करीब एक बजे वह मकान पर ताला लगाकर ड्यूटी चले गए थे जबकि उनकी पत्नी और बच्चे शहर से बाहर गए हुए थे। रात करीब साढ़े दस बजे नीलेश घर लौटे तो ताला टूटा मिला और सामान बिखरा पड़ा था।

चैक करने पर एलईडी टीवी, लैपटाप और आठ हजार रुपए नकदी समेत अन्य सामान गायब था। इसी प्रकार ब्रह्मपुरी कालोनी नीलबड़ में रहने वाले एक रेस्टारेंट संचालक के सूने मकान से चोर दिनदहाड़े ताला तोड़कर नकदी और जेवरात समेत हजारों का सामान चोरी कर लिया था।

पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया था। सीसीटीवी कैमरों से मिला सुराग थाना प्रभारी रासबिहारी शर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगाई गई थी। शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों और रूट पर लगे करीब 800 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद दो संदेहियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने तीसरे साथी के साथ मिलकर उक्त वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। पकड़े गए आरोपियों के नाम रोहित मरावी और अनिल रावत निवासी अयोध्या नगर बताए गए हैं। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान और वारदात में उपयोग की गई स्कूटर समेत ताला

# क्रिकेट खेलते समय बॉल उठाने गए किशोर को लगा करंट, मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया इलाके में रहने वाले एक किशोर को क्रिकेट खेलते समय बिजली का करंट लग गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक नीरज गुर्जर (16) ग्राम अजबपुरा थाना बैरसिया का रहने वाला था। वह करणपुरा गांव के पास मैदान में बच्चों के साथ क्रिकेट खेल रहा था।

खेलते समय वह बाल उठाने के लिए मैदान के किराने पहुंचा, जहां बाउंड्री के पास बिजली का तार पड़ हुआ था। तार पर नीरज का पैर पड़ा तो उसे करंट लग गया। गंभीर रूप से झुलसे नीरज को इलाज के लिए बैरसिया शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां रात करीब साढ़े नौ बजे उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

**मेट्रो एंकर** | बागसेवनिया थाना क्षेत्र का मामला

# बीमारी से परेशान होकर लगाई फांसी सुसाइड नोट में बच्चों से मांगी माफी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित 99-2ए साकेत नगर में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन्होंने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 55 साल के दिनेश प्रताप सिंह, 99-2ए साकेत नगर में पत्नी के साथ रहते थे। वे इलाके में पत्नी के साथ आलू का पराठा और नाश्ते की दुकान लगाते थे।

उनके दो बेटे बाहर रहते हैं। पड़ोस में बेटी रहती है, जिसकी दिनेश ने शादी कर दी। उनकी पत्नी ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह उन्होंने दिनेश के साथ चाय पी और साढ़े 7 बजे करीब दुकान खोलने चली गई। कुछ देर बाद उनकी बेटी उनके घर पहुंची तो उसने पिता को फांसी के फंदे पर लटके देखा था।



### एक्सीडेंट में पैर हो गए थे खराब

एएसआई सुभाष त्यागी ने बताया कि दिनेश प्रताप मूलतः बिहार के रहने वाले थे। पूर्व में परिवार के साथ स्टेशन बजरिया इलाके में रहते थे। यहां दुकान लगाने के कारण उन्होंने मकान किराए पर ले लिया था। कुछ वर्ष पहले दिनेश सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। इससे उनके दोनों पैर खराब हो गए थे। वे ठीक से चल फिर नहीं सकते थे। इसके अलावा कान में सुनाई कम देने के कारण मशीन लगाई थी।

### सुसाइड नोट में बीमारी से त्रस्त होने की बात

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। जिसमें दिनेश ने लिखा है कि मैं बीमारी से त्रस्त होकर फांसी लगा रहा हूं। उन्होंने अपने दोनों बेटों से आत्महत्या करने के लिए माफी मांगी है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022